हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 | अंक 89/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

दिल्ली चुनाव को लेकर जेपी नड्डा का नेताओं को मंत्र

नई दिल्ली.

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बीजेपी की बड़ी बैठक हुई. इसमें बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमें एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है क्योंकि इस बार हमारे पास चुनाव जीतने की पूरी संभावना है. नए वोटरों को जोड़ने में पूरी ताकत लगा दें. दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को बीजेपी की बड़ी बैठक हुई.

सभी 14 जिलों और 70 विधानसभाओं में लगाए गए बाहरी नेताओं के साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनाव पर चर्चा की. इसमें पार्टी की रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई. बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल भी मौजूद रहे. जेपी नड्डा ने दिल्ली बीजेपी के नेताओं को स्पष्ट संदेश भेजा.

उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है क्योंकि इस बार हमारे पास चुनाव जीतने की पूरी संभावना है. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने टिकट के दावेदारों को भी संदेश दिया है. उन्होंने कहा कि जिन्हें टिकट न मिले वो बुरा न मानें क्योंकि लड़ाई पार्टी को 26 साल बाद सत्ता में वापस लाने की है. टिकट न मिलने की स्थिति में किसी दल या निर्दलीय चुनाव लड़ने की गलती न करें. नए वोटरों को जोड़ने में पूरी ताकत लगा दें. अधिक से अधिक नए लोगों को पार्टी से जोड़ें.

राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुत ऊर्जा बढ़ाकर गए: बीजेपी सांसद मनोज तिवारी

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जे.पी. नड्डा ने देश को बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं दी हैं. दो-तीन दिन में हमारा घोषणापत्र भी आ जाएगा, जिसको हम संकल्प पत्र कहते हैं. आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा बहुत ऊर्जा बढ़ाकर गए हैं. हम जनता के लिए वो सारी सुविधाएं देने जा रहे हैं, जिनको केजरीवाल ने झूठे वादे करके और भ्रमित करके धोखा दे दिया.

महाकुंभ पर बनने जा रहा है शुभ संयोग

नई दिल्ली.

महाकुंभ हिंदू धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें लाखों लोग देश-विदेश से शामिल होते हैं. यह मेला हर 12 साल में चार जगहों पर आयोजित होता है – प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक. इस बार महाकुंभ मेला प्रयागराज में लगने जा रहा है जिसकी शुरुआत 13 जनवरी से होने वाली है. भारत ही नहीं, दुनिया के हर कोने से लोग कुंभ मेले में हिस्सा लेने आते हैं. ऐसी मान्यता है कि कुंभ मेले पर गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है. कुंभ का शाब्दिक अर्थ है घड़ा. ऋषियों के काल से ही इस कुंभ मेले लगता आ रहा है. 30-45 दिन तक चलने वाला महाकुंभ हिंदुओं के लिए काफी मायने रखता है. कुछ साल पहले हरिद्वार में कुंभ मेला लगा था.

कब-कब होंगे महाकुंभ के छह शाही स्नान

प्रयागराज कुंभ मेले में छह शाही स्नान होंगे. महाकुंभ मेला का पहला शाही स्नान 13 जनवरी 2025 को होगा. दूसरा शाही स्नान 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति पर होगा, तीसरा स्नान 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या पर होगा, चौथा शाही स्नान 2 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी पर होगा, पांचवां शाही स्नान 12 फरवरी 2025 को माघ पूर्णिमा पर होगा और आखिरी शाही स्नान 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर होगा.

सुकमा- बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में 3 नक्सली मारे गए, सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता

बीजापुर.

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है, जिसमें 3 नक्सली मारे गए हैं. सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा पर स्थित जंगलों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस बारे में जानकारी दी और बताया कि, "सुकमा में सुरक्षा बलों की कार्रवाई को सफलता मिली है. वहां 3 नक्सलियों के शव मिले हैं और वहां तलाशी अभियान जारी है. गुरुवार सुबह, सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा पर स्थित जंगलों में सुरक्षा बलों के संयुक्त दल ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ शुरू की. इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को जोरदार जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप 3 नक्सली मारे गए.

इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के एक अन्य संयुक्त अभियान में, राज्य पुलिस और सीआरपीएफ 229 बटालियन ने मुरदांडा गांव में आईईडी को ढूंढकर उसे निष्क्रिय कर दिया. नक्सलियों ने खाली बीयर की बोतलों में दो आईईडी रखे थे, जिन्हें सुरक्षा बलों ने खोजकर निष्क्रिय कर दिया. सुरक्षा बलों की ये कार्रवाइयाँ प्रभावी रूप से नक्सलवादी गतिविधियों पर काबू पाने में मदद कर रही हैं, और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के प्रयास जारी हैं.

छत्तीसगढ़: मुंगेली जिले में बड़ा हादसा

कुसुम प्लांट में चिमनी गिरने से 30 लोग दबे, 5 की मौत की आशंका

मुंगेली, छत्तीसगढ़.

छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ, जब कुसुम प्लांट में चिमनी गिरने से वहां काम कर रहे 30 लोग दब गए. इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया.घटना के समय कुसुम प्लांट में काम कर रहे मजदूरों पर चिमनी गिरने से वे दब गए. चिमनी गिरने के बाद अन्य कर्मचारियों ने हंगामा मचाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर दबे हुए लोगों को निकालने का कार्य शुरू किया. अब तक दो मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन 30 लोग अभी भी चिमनी के मलबे में फंसे हुए हैं.

अधिकारियों का कहना है कि इसमें से 5 लोगों की मौत होने की आशंका है.राहत कार्य जारी है और प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है.मुंगेली जिले के कुसुम प्लांट में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां आयरन कारखाने का निर्माण कार्य चल रहा था, और उसी दौरान एक चिमनी गिरने से 30 लोग दब गए. इस हादसे के बाद प्रशासन और पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया. कुसुम प्लांट अभी पूर्ण रूप से बनकर तैयार नहीं हुआ था और निर्माण कार्य जारी था. हादसे के समय कारखाने में काम कर रहे मजदूर चिमनी के मलबे में दब गए. घटनास्थल पर राहत कार्य के लिए बड़ी क्रेन और जेसीबी की मदद ली जा रही है. इसके साथ ही, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई हैं. इसके अलावा, घटनास्थल पर मेडिकल टीम और पुलिस बल की तैनाती की गई है. अब तक दो लोगों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है, लेकिन अभी भी 30 लोग फंसे हुए हैं. अधिकारियों का कहना है कि इस हादसे में 5 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है. राहत कार्य जारी है और प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड

नई दिल्ली.

देश के कई इलाके भीषण सर्दी का सितम झेल रहे हैं. चाहे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली हो या उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान सभी जगह बर्फीली हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं. दिल्ली-एनसीआर में शीतलहर का ऐसा असर है कि लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं. मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में गुरुवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई. शीतलहर के चलते दिल्ली में मौसम की स्थिति खराब बनी हुई है.

कश्मीर में भी अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से कई डिग्री नीचे पहुंच गया है. यूपी, बिहार राजस्थान में ठंड के साथ कोहरे का प्रकोप भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है. दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार शाम 5.30 बजे दिल्ली में 6.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. वहीं 10 जनवरी यानी कल न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक रहने के आसार जताए जा रहे हैं. अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है.

यात्री के बैग में मिली मगरमच्छ के बच्चे की खोपड़ी

नई दिल्ली. दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक कनाडाई नागरिक को उसके बैग से मगरमच्छ के बच्चे की खोपड़ी मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है. कस्टम अधिकारियों ने उस खोपड़ी को जांच के लिए वन विभाग को सौंप दिया है. बता दें कि यह खोपड़ी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के शेड्यूल-1 के तहत संरक्षित प्रजाति की है. दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर एक कनाडाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है. जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उससे मगरमच्छ के बच्चे की खोपड़ी बरामद की गई. कनाडा के मॉन्ट्रियल जाने की तैयारी कर रहे इस यात्री को टर्मिनल-3 पर सुरक्षा जांच के दौरान रोका गया.

जांच में यात्री के बैग से 777 ग्राम वजनी खोपड़ी मिली, जिसे एक क्रीम रंग के कपड़े में लपेटा गया था. खोपड़ी के तेज दांत और बनावट मगरमच्छ के बच्चे की खोपड़ी जैसी दिख रही थी. दिल्ली सरकार के वन और वन्यजीव विभाग ने खोपड़ी का परीक्षण किया. जांच में पुष्टि हुई कि यह खोपड़ी मगरमच्छ के बच्चे की है. इसके दांतों की बनावट, बॉडी संरचना और नाक देखकर सबकुछ साफ हो गया. यह खोपड़ी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के शेड्यूल-1 के तहत संरक्षित प्रजाति की है.

मराठी को मिला शास्त्रीय भाषा का दर्जा

नई दिल्ली. केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को पांच और भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषा की सूची में शामिल कर लिया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने बड़ा फैसला लिया है, मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला भाषाओं को अब शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दे दी है। शास्त्रीय भाषाएं वह समृद्ध भाषाएं हैं जो भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को अपने में संजोए हुए प्रत्येक समुदाय को ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान करती हैं। पीएम मोदी ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली को शास्त्रीय भाषा घोषित करने के कैबिनेट के फैसले की सराहना की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि मुझे बहुत खुशी है कि महान बंगाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है, खासकर दुर्गा पूजा के शुभ समय के दौरान। बंगाली साहित्य ने वर्षों से अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। मैं दुनिया भर के सभी बांग्लाभाषियों को इसके लिए बधाई देता हूं। वहीं, पीएम मोदी मराठी भाषा को लेकर भी बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि मराठी भारत का गौरव है। इस अभूतपूर्व भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर बधाई। यह सम्मान हमारे देश के इतिहास में मराठी के समृद्ध सांस्कृतिक योगदान को स्वीकार करता है। मराठी हमेशा भारतीय विरासत की आधारशिला रही है। मुझे यकीन है शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से बहुत से लोग इसे सीखने के लिए प्रेरित होंगे।

तिरुपति मंदिर में मची भगदड़

तिरुमला. आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में बुधवार देर रात को भगदड़ मच गई. इस भगदड़ में अभी तक 6 लोगों की मौत हो गई है. यह हादसा वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट काउंटर के पास हुई। इस हादसे में एक महिला समेत 7 लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए हैं। मंदिर की व्यवस्था बेहद चाक चौबंद रहती है। ऐसे में सवाल ये है कि आखिर भगदड़ के पीछे वजह क्या रहीसाथ ही कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. इसी के बाद तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने बोर्ड मेंबर भानु प्रकाश रेड्डी ने कहा, हम सभी श्रद्धालुओं से माफी मांगते हैं. इसी के चलते मंदिर में दर्शन करने के लिए लोग लंबी कतार में टोकन लेने के लिए कतार में लगे थे. जानकारी के मुताबिक, टोकन लेने के लिए लगभग 4 हजार लोग लंबी कतार में लगे थे और महज 91 काउंटर टोकन देने के लिए लगाए थे. देखते ही देखते भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई. इस भीड़ में महिलाएं, बुजुर्ग सभी शामिल थे. लोगों को पट्टीडा पार्क जाने के निर्देश दिए गए थे और पट्टीडा जाने में ही भगदड़ मची. लोग एक-दूसरे पर चढ़ गए और 6 लोगों की मौत हो गई. इस हादसे के बाद टीटीडी बोर्ड मेंबर भानु प्रकाश रेड्डी ने कहा, मंदिर में एकादशी दर्शन के लिए टोकन बांटे जा रहे थे.

स्वामी रामदेव ने मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली. उन्होंने मथुरा में मस्जिद विवाद को लेकर कहा, "मथुरा श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, वहां मस्जिद का क्या काम है." बाबा रामदेव ने कहा, "जो हमारे बड़े तीर्थ थे. जहां आक्रांताओं ने बहुत ज्यादा क्रूरता की. ऐसे बड़े तीर्थ हमें सौंप देना चाहिए. अगर हर जगह विवाद होगा तो देश का भाईचारा खतरे में पड़ता है." स्वामी रामदेव ने कहा, "इसलिए हर जगह विवाद नहीं करना चाहिए. जो हमारे बड़े गौरव के स्थान हैं. जैसे मथुरा, काशी विश्वनाथ. भगवान भोले नाथ की नगरी है और ज्ञानवापी तो किसी मस्जिद का नाम भी नहीं हो सकता है. ये खुद दर्शाता है कि हमारे सनातन नाम है. दूसरी मथुरा श्रीकृष्ण भगवान की जन्मभूमि है. वहां मस्जिद का क्या काम. ऐसे हमारे जो बड़े तीर्थ हैं, वहां हमारे मुस्लिम भाईयों को बड़ा दिल दिखाना चाहिए और आगे आना चाहिए." वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद पर 1991 से मुकदमे चल रहे हैं. हालांकि साल 2021 के बाद नए सिरे से मामला आगे बढ़ा है. इस साल 5 महिलाओं ने मंदिर की भीतर भगवान की मूर्तियां होने का दावा किया था और पूजा करने की अनुमति मांगी थी. साल 2024 की फरवरी में यहां पूजा करने की इजाजत भी दी जा चुकी है. इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि ये याचिका उपासना स्थल कानून का उल्लंघन नहीं करता है. वहीं मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर हिंदू पक्षों का दावा रहा है कि ये भगवान कृष्ण के जन्मस्थल पर बनाई गई है. साल 2020 में छह भक्तों ने की एक याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने मस्जिद को हटाने की मांग की. अब इस मामले में 18 याचिकाएं हैं. अगस्त 2024 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि ये याचिकाएं भी उपासना स्थल कानून 1991 के खिलाफ नहीं जाती हैं. 2023 में हाई कोर्ट ने एक कोर्ट कमिश्नर को नियुक्त किया था जो मस्जिद का सर्वे कर सके पर जनवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी, जो अब तक लागू है. फिलहाल ये मामला सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के अधीन है.

गढ़चिरोली में दो महिला नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

महाराष्ट्र सरकार ने रखा था 10 लाख का इनाम

गढ़चिरोली. गढ़चिरोली पुलिस के सामने दो महिला नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया. इन दोनों महिला बंदूकधारी नक्सलियों पर महाराष्ट्र सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम रखा था. आत्मसमर्पण के बाद, इन दोनों नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के कारणों को बताया. यह दो महिला नक्सली, शामिल जुरू पुडो उर्फ लीला और काजल मंगरू वड्डे उर्फ लिम्मी, गढ़चिरोली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि गढ़चिरोली पुलिस के लगातार दबाव और जंगलों में रहने की मुश्किलों के कारण उन्हें आत्मसमर्पण करना पड़ा. उन्होंने कहा कि नक्सलियों के दल में 24 घंटे खानाबदोश जीवन जीना पड़ता है, और अगर किसी को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो, तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है. उन्होंने यह भी बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुरुष नक्सली भागने में सफल हो जाते हैं, लेकिन महिलाएं मारी जाती हैं. इसके साथ ही, उन्हें मुखबिरी के शक में अपने ही साथियों द्वारा मारने की धमकी दी जाती थी. महिला नक्सलियों ने यह भी कहा कि माओवादी दल में वरिष्ठ नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि माओवादी नेताओं द्वारा आम लोगों के लिए धन जुटाने का दावा किया जाता है, लेकिन असल में वह धन अपने निजी फायदे के लिए इस्तेमाल करते हैं. इन महिला नक्सलियों का कहना था कि माओवादी आंदोलन का असली उद्देश्य कभी भी जनता के विकास के लिए नहीं था, बल्कि इसका इस्तेमाल केवल निजी लाभ के लिए किया जाता था. गौरतलब है कि इस साल के पहले दिन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस गढ़चिरोली दौरे पर थे, जहां उन्होंने बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण की प्रक्रिया का हिस्सा बने थे. उस दौरान मुख्यमंत्री के सामने 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जिसमें महिला और पुरुष नक्सली दोनों शामिल थे.

पिछले बजट में आईटीआर में हुए ये बदलाव

नई दिल्ली.

जो लोग बीते 10 साल पहले से इनकम टैक्स जमा कर रहे हैं, उन्हें अच्छे से पता होगा कि पहले आईटीआर फाइल करना और जमा करना इतना आसान नहीं हुआ करता था. सबसे पहले आईटीआर फाइल करने के लिए इनकम टैक्स ऑफिस में लाइन में लगना होता था और फिर आईटीआर जमा करने के लिए बैंक में लाइन लगानी होती थी. डिजिटल इंडिया के साथ इनकम टैक्स जमा करने के तरीकों में भी बदलाव आया है, अब घर से बैठ कर ही आईटीआर फाइल किया जा सकता है और अपना टैक्स अमाउंट भी जमा किया जा सकता है. वहीं सरकार ने 2024 के बजट में नई टैक्स रिजीम लाकर 7 लाख रुपए तक की आय को टैक्स मुक्त कर दिया है. अब देखने वाली बात होगी कि 2025 में सरकार इनकम टैक्स में क्या बदलाव कर सकती है. साथ ही इसका टैक्स पेयर के ऊपर किस तरीके से असर पड़ता है. 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले पेश किए गए अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स में टैक्स पेयर को बड़ी राहत दी, जिसमें 7 लाख रुपए तक की आमदनी को टैक्स फ्री कर दिया गया. इसके साथ ही 7 से 10 लाख रुपए तक की आय पर 10 फीसदी टैक्स और 10 से 12 लाख तक की आय पर 15 फीसदी टैक्स देने की बात कहीं.

इस बदलाव से वेतनभोगी कर्मचारियों को सालाना 17,500 रुपए तक का टैक्स बच सकेगा. केंद्र सरकार ने न्यू टैक्स रिजीम को केंद्र सरकार ने 2020 में शुरू किया था. तब इसमें कुछ खास फायदा नहीं होता था, लेकिन 2024 के बजट में टैक्स स्लैब में किए गए बड़े बदलाव से टैक्स पेयर्स के बीच इसे काफी पॉपुलर बना दिया और फिलहाल 72 फीसदी टैक्स पेयर्स इसका लाभ ले रहे हैं. इसलिए सरकार उन टैक्स पेयर्स के लिए कुछ अनाउंसमेंट कर सकती है जो न्यू टैक्स रिजीम में आते हैं.

बजट पेश होने से पहले निर्मला की टीम तैयार

1 फरवरी को सीतारमण बजट पेश करेंगी

नई दिल्ली.

एक फरवरी 2025 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी. और आम बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री की बजट टीम तैयार हो चुकी है जो पूर्व रेवेन्यू सेक्रेटरी रहे संजय मल्होत्रा के आरबीआई गवर्नर बनाए जाने के चलते अधूरी पड़ गई थी. कैबिनट की अप्वाइंटमेंट्स मामलों की कमिटी ने तुहिन कांत पांडेय के डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू के सचिव पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है. तुहिन कांत पांडेय फिलहाल वित्त सचिव होने के साथ डिपार्टमेंट ऑफ इंवेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट में भी सचिव थे. संजय मल्होत्रा के भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बनाए जाने के बाद अरूनीश चावला को तात्कालिक तौर पर उनकी जगह रेवेन्यू सेक्रेटरी बनाया गया था. लेकिन तुहिन कांत पांडेय राजस्व सचिव बनाए गए हैं जिनपर बजट में डायरेक्ट टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स को लेकर लिए जाने फैसलों की जिम्मेदारी होगी. बजट तैयार करने में डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू के सचिव की भूमिका सबसे बड़ी होती है. सरकार के लिए अगले वित्त वर्ष में राजस्व जुटाने से लेकर राजस्व जुटाने के लिए बजट में घोषित लक्ष्य को हासिल करने का भार उन्हीं पर होता है. सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स जिसके अधीन इनकम टैक्स विभाग आता है और सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम जो सरकार के लिए जीएसटी से लेकर एक्साइज ड्यूटी और कस्टम ड्यूटी वसूलती है उस विभाग के भी सुप्रीम बॉस रेवेन्यू सेक्रेटरी ही होते हैं.

टैक्स का बोझ कम करने की रहेगी जिम्मेदारी

• केंद्र सरकार पर मिडिल क्लास पर से टैक्स का बोझ करने का भारी दबाव है. प्री-बजट मीटिंग में अर्थशास्त्रियों से लेकर उद्योगजगत के प्रतिनिधियों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिविधियों ने वित्त मंत्री को सैलरीड क्लास को महंगाई से राहत देते हुए टैक्स के बोझ को घटाने की नसीहत दी है. ऐसे में तुहिन कांत पांडेय पर राजस्व हासिल करने के लक्ष्य को नुकसान पहुंचाये बगैर टैक्स के बोझ को कम करने का दबाव होगा. उन्हें डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज, वित्त मंत्रालय का भी भार सौंपा गया है. अरुणिश चावला पर विनिवेश के जरिए सरकार के लिए राजस्व जुटाने का भार रहेगा.

रोजगार से लेकर रेट कट पर हो सकते हैं बड़े फैसले

नई दिल्ली.

अगले महीने की शुरुआत में दो बड़े इवेंट्स हैं. 1 फरवरी को जहां वित्त मंत्री देश का आम बजट पेश करेंगी, वहीं फरवरी के पहले हफ्ते में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती पर फैसला सुनाएगा. ऐसे में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष संजीव पुरी ने बजट में क्या बड़े फैसले हो सकते हैं उसपर अपने विचार रखे है. संजीव पूरी के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए अगले महीने नीतिगत दर रेपो में कटौती कर सकता है.

उन्होंने आगामी बजट में श्रम-केंद्रित क्षेत्रों के लिए लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की जरूरत भी बताई है. इसके साथ ही पुरी ने खाद्य महंगाई को लेकर कहा, फूड इन्फ्लेशन का ऊंचा स्तर बताता है कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की जरूरत है.

उन्होंने इसे भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति लक्ष्य ढांचे के तहत अलग करने का तर्क देते हुए कहा कि यह जलवायु परिवर्तन के कारण है और वास्तव में मौद्रिक नीति से इसका कोई लेना-देना नहीं है.

अभी भी आरबीआई के टारगेट से दूर है महंगाई

केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है. आईटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने यह भी उम्मीद जताई है कि भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार तीसरे कार्यकाल में बहुप्रतीक्षित श्रम सुधारों को आगे बढ़ाएगी. इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा और अधिक नौकरियां सृजित होंगी.

महिंद्रा ने प्रीमियम ईवी कीमतों की घोषणा की

पुणे. महिंद्रा ने अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी- बीई 6 और एक्सईवी 9e के टॉप-एंड (पैक थ्री) वेरिएंट की कीमतों की घोषणा की है। यह घोषणा 26 नवंबर, 2024 को आयोजित अनलिमिटेड इंडिया टेक डे इवेंट की सफलता पर आधारित है, जहां बीई 6 और एक्सईवी 9e का अनावरण किया गया था। महिंद्रा ने प्रीमियम ईवी के प्रति बढ़ते ग्राहक झुकाव को ध्यान में रखते हुए, पैक थ्री को विशेष रूप से लॉन्च करने का निर्णय लिया है। इस पैक में लक्जरी, अत्याधुनिक सुविधाएँ और बेजोड़ प्रदर्शन का मिश्रण है। महिंद्रा ने इस कार्यक्रम में "थ्री फॉर मी" नामक एक अनूठा वित्तीय कार्यक्रम भी पेश किया, जिससे पैक थ्री वेरिएंट को पैक वन के समान मासिक ईएमआई पर खरीदा जा सकता है, जिसमें छह साल के अंत में बैलून पेमेंट होता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव सेक्टर के अध्यक्ष और महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक वीजय नाकरा ने कहा, "हमारे इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी को लेकर प्रतिक्रिया अभूतपूर्व रही है, और हम 14 फरवरी, 2025 को बीई 6 और एक्सईवी 9e के लिए बुकिंग शुरू करेंगे। इन वाहनों की 79 बैटरी 500 किमी से अधिक की वास्तविक रेंज प्रदान करती है. जिससे ग्राहक रेंज की चिंता से मुक्त हो सकते हैं। महिंद्रा ने बीई 6 और एक्सईवी 9ई के लिए पैक वन को प्रदर्शित किया, जो उन ग्राहकों के लिए उपयुक्त है जो तकनीक, सुरक्षा और आराम का संतुलित मिश्रण चाहते हैं। वहीं, पैक थ्री लक्जरी और प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। इन वेरिएंट में 210 की मोटर है, जो बीई 6 को 6.7 सेकंड में 0-100 किमी/ घंटा और एक्सईवी 9e को 6.8 सेकंड में गति प्रदान करती है। इन एसयूवी में महिंद्रा का महिंद्रा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आर्किटेक्चर है, जो प्रति सेकंड 50 ट्रिलियन ऑपरेशन्स करने में सक्षम है। ये वाहन 24 जीबी रैम, 128 जीबी स्टोरेज 8295 द्वारा संचालित हैं। "थ्री फॉर मी" वित्तीय कार्यक्रम के तहत, BE 6 पैक थ्री ₹39,224 की मासिक ईएमआई पर और 9e पैक थ्री ₹45,450 की मासिक ईएमआई पर उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, 15.5 फीसदी तक डाउन पेमेंट और 6 साल के अंत में ₹4.65 लाख का बैलून पेमेंट होगा। पैक थ्री वेरिएंट की बुकिंग 14 फरवरी, 2025 से शुरू होगी. जबकि टेस्ट ड्राइव 14 जनवरी, 2025 से शुरू होंगे। डिलीवरी मार्च 2025 में शुरू होने की उम्मीद है।

कृषि मजदूरों-ड्राइवर्स की बढ़ेगी मांग

नई दिल्ली.

अगले पांच साल में कृषि वर्कर्स और वाहन चलाने वालों यानी ड्राइवरों की मांग तेजी से बढ़ेगी और ये क्षेत्र तेजी से बढ़ती नौकरियों में शामिल होंगे. वहीं कैशियर और टिकट क्लर्क की भूमिकाओं में कमी आएगी. एक नये अध्ययन की रिपोर्ट में यह कहा गया है. विश्व आर्थिक मंच यानी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने 'भविष्य की नौकरी रिपोर्ट-2025' में यह भी कहा कि 2030 तक 17 करोड़ नई नौकरियां पैदा होंगी, जबकि 9.2 करोड़ को नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं, यानी शुद्ध रूप से 7.8 करोड़ नई नौकरियां पैदा होंगी. स्विट्जरलैंड के दावोस में 20 से 25 जनवरी को होने वाली विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक से कुछ दिन पहले जारी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नई-नई प्रौद्योगिकी आने के साथ 2030 तक नौकरियों में व्यापक स्तर पर बदलाव आने की संभावना है. प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रगति के अलावा जनसंख्या संबंधी बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव इसके कारण हैं. इससे दुनियाभर में उद्योग और पेशा नया आकार ले रहा है.

अध्ययन में 1,000 से अधिक कंपनियों के आंकड़ों के आधार पर पाया गया कि कौशल अंतर आज भी व्यवसाय में बदलाव को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बाधा बनी हुई है. नौकरी के लिए आवश्यक लगभग 40 प्रतिशत कौशल में बदलाव होना तय है. 63 प्रतिशत नियोक्ता पहले से ही इसे अपने सामने आने वाली प्रमुख बाधा के रूप में बता रहे हैं.

आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, बिग डेटा और साइबर सुरक्षा में प्रौद्योगिकी कौशल की मांग में तेजी से वृद्धि की उम्मीद है. लेकिन रचनात्मक सोच, मजबूती, लचीलापन जैसे मानव कौशल महत्वपूर्ण बने रहेंगे. तेजी से बदलते नौकरी बाजार में प्रौद्योगिकी और मानव कौशल, दोनों का संयोजन महत्वपूर्ण होगा. जरूरी सेवाओं से जुड़ी भूमिकाएं और देखभाल और शिक्षा जैसे आवश्यक माने जाने वाले क्षेत्रों में 2030 तक नौकरियां बढ़ेंगी. जबकि एआई (आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस) और नवीकरणीय ऊर्जा में प्रगति बाजार को नया आकार दे रही है. इससे कई प्रौद्योगिकी या विशेषज्ञ भूमिकाओं की मांग में वृद्धि हो रही है, जबकि ग्राफिक्स डिजाइनर जैसी अन्य नौकरियों की मांग में गिरावट आ रही है.

चालू वित्त वर्ष में 6.3 फीसदी रहेगी वृद्धि दर

एनएसओ अनुमान से भी कम

नई दिल्ली.

एसबीआई का दावा है कि आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुमान से भी कम करीब 6.3 फीसदी रह सकती है। एनएसओ ने एक दिन पहले ही 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया है। एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा, आरबीआई और एनएसओ के अनुमानों के बीच का अंतर हमेशा ही 0.20-0.30 फीसदी की सीमा में रहता आया है। लिहाजा, चालू वित्त वर्ष के लिए 6.4 फीसदी का अनुमान उचित है। हालांकि, इस अवधि में वृद्धि दर नीचे की ओर झुकाव के साथ 6.3 फीसदी रह सकती है। आरबीआई ने विकास दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। बजट अनुमान के अनुरूप कर प्राप्तियां बढ़ीं और सरकारी खर्च कम हुआ, तो चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.9 फीसदी रहेगा।

सरकार 16.1 लाख करोड़ के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर कायम रहती है तो यह पांच फीसदी पर रहेगा। जीडीपी का पहला अग्रिम अनुमान 2024-25 में समग्र मांग में सुस्ती को दर्शाता है। हालांकि, सकारात्मक योगदान देने वाले घटकों में सरकारी खपत शामिल है, जिसमें मौजूदा कीमतों के संदर्भ में 8.5 फीसदी वृद्धि हुई है। निर्यात में भी आठ फीसदी की तेजी रही है।

लाल निशान पर खुला शेयर बाजार

नई दिल्ली.

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 284.12 अंक गिरकर 77,864.37 पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 86.8 अंक गिरकर 23,602.15 पर कारोबार कर रहा है। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 1 पैसे गिरकर 85.92 पर आ गया। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 284.12 अंक की गिरावट के साथ 77,864.37 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 86.8 अंक फिसलकर 23,602.15 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,362.18 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, जोमैटो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सन फार्मा, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस और एनटीपीसी के शेयर में सबसे अधिक गिरावट आई। कोटक महिन्द्रा बैंक, इंफोसिस, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स के शेयर फायदे में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी तथा हांगकांग का हैंगसेंग फायदे में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे। अमेरिकी बाजार बुधवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

माइनस डिग्री तापमान में भी नहीं थमेगी रफ्तार

नई दिल्ली.

भारतीय रेलवे ने कटरा-श्रीनगर रूट पर दौड़ने के लिए तैयार वंदे भारत ट्रेन का अनावरण कर दिया है. इस ट्रेन को जम्मू-कश्मीर की सर्दियों के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है. आम वंदे भारत ट्रेनों की सुविधाओं के साथ ही इस खास ट्रेन में कई बदलाव भी किए गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, वंदे भारत ट्रेन की रफ्तार पर माइनस डिग्री के तापमान में भी ब्रेक नहीं लगेगा. जम्मू-कश्मीर में सर्दियों के मौसम में तमाम चुनौतियां पेश आती हैं और तापमान का तो पूछिए ही मत, इन सब परिस्थितियों को देखते हुए कटरा-श्रीनगर रेल रूट के लिए विशेष रूप से डिजाइन वंदे भारत एक्सप्रेस की झलक दिखा दी गई है.

ज्वैलरी कंपनी का फर्जीवाड़ा, 13 करोड़ का चूना!

मुंबई. मुंबई में एक ज्वैलरी कंपनी द्वारा कथित तौर पर 13 करोड़ रुपये से ज्यादा की धांधली का मामला सामने आया है. इसमें कंपनी निवेशकों को सोने-चांदी और मोसैनाइट (एक कीमती पत्थर) में निवेश करने और मोटा रिटर्न देने को झांसा दे रही थी. इस कंपनी का नाम टोरेस ज्वैलर्स है और अब मामला उजागर होने के बाद इस कंपनी के डायरेक्टर्स और सीईओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है. आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला और कैसे कंपनी निवेशकों को चूना लगा रही थी? मुंबई की शिवाजी पार्क पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर स्थानीय ज्वैलरी कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, टोरेस ज्वैलर्स ने निवेशकों को कथित तौर पर 13.48 करोड़ रुपये से ज्यादा का चूना लगाया है. इस कंपनी को लेकर कई शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की है. ईटी की रिपोर्ट की मानें, तो नरीमन पॉइंट के एक सब्जी विक्रेता की शिकायत के बाद ये धांधली उजागर हुई और मामला सामने आते ही निवेशकों की भीड़ कंपनी के तमाम शोरुमों के बाहर इकट्ठा हो गई.

5 साल में दुनियाभर में मिलेंगी 17 करोड़ नौकरियां

नई दिल्ली. दुनियाभर में अगले पांच साल में यानी 2030 तक 17 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी। कृषि श्रमिकों और वाहन चलाने वाले ड्राइवरों की मांग तेजी से बढ़ेगी। ये दोनों क्षेत्र तेजी से बढ़ती नौकरियों में शामिल होंगे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने 'भविष्य की नौकरी रिपोर्ट-2025' में कहा, नई-नई प्रौद्योगिकी आने के साथ 2030 तक नौकरियों में व्यापक स्तर पर बदलाव आने की संभावना है। तकनीकी प्रगति के अलावा जनसंख्या संबंधी बदलाव, कई देशों में तनाव और आर्थिक दबाव के कारण दुनियाभर में उद्योग एवं पेशा नया आकार ले रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), बिग डाटा और साइबर सुरक्षा में प्रौद्योगिकी कौशल की मांग तेजी से बढ़ेगी। लेकिन, रचनात्मक सोच, मजबूती और लचीलापन जैसे मानव कौशल महत्वपूर्ण बने रहेंगे।

तेजी से बदलते नौकरी बाजार में प्रौद्योगिकी और मानव कौशल दोनों का संयोजन महत्वपूर्ण होगा। स्विट्जरलैंड के दावोस में 20 से 25 जनवरी को होने वाले विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक से कुछ दिन पहले जारी रिपोर्ट में कहा गया है, कौशल अंतर आज भी व्यवसाय में बदलाव को लेकर सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। नौकरी के लिए जरूरी लगभग 40 फीसदी कौशल में बदलाव होना तय है। 63 फीसदी कंपनियों का कहना है कि सही कौशल वाले कर्मचारियों को ढूंढ़ना मुश्किल हो रहा है।

कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट

नई दिल्ली.

इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है. बीते 24 घंटे में क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है. ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 76.16 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है. जबकि डब्ल्यूटीआई का रेट भी नीचे गिरकर 73.20 डॉलर प्रति बैरल हो गया है. वहीं, हर रोज की तरह आज भी सुबह-सुबह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने देश में पेट्रोल डीजल के रेट जारी कर दिए. ऐसे में आइए जानते हैं क्या आज पेट्रोल-डीजल भी सस्ता हुआ है? दरअसल, ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल के दाम नीचे आने से आज कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के खुदरा रेट भी कम हो गए हैं. लेकिन दिल्ली मुंबई जैसे मेट्रो शहरों को महंगे पेट्रोल डीजल में कोई राहत नहीं मिली है. आयल मार्केटिंग कंपनियां रोज सुबह 6 बजे पेट्रोल डीजल के रेट वेबसाइट पर अपडेट कर देती हैं. ऐसे में अगर आप भी पेट्रोल डीजल के रेट घर बैठे चेक करना चाहते हैं तो आपको आप जरिए भी घर बैठे चेक कर सकते हैं. सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 10 पैसे महंगा होकर 94.87 रुपये लीटर बिक रहा है जबकि डीजल 12 पैसे महंगा होकर 88.01 रुपये लीटर पर बिक रहा है. गाजियाबाद में भी पेट्रोल 6 पैसे महंगा होकर 94.64 रुपये लीटर तो डीजल 7 पैसे चढ़कर 87.74 रुपये लीटर बिक रहा है. बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 39 पैसे चढ़कर 105.34 रुपये लीटर तो डीजल 37 पैसे महंगा होकर 92.19 रुपये लीटर बिक रहा है.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
निकाल
महाराष्ट्र सह्याद्री
दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 02 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 09/01/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/-	SD-07 : 4055			
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी				
दुसरे बक्षिस रु. 5000/-	2107	अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई		
तिसरे बक्षिस रु. 2000/-	3146 श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई	5501	5989	

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

1018	2263	3064	4422	5565
1102	2274	3093	4641	5571
1601	2772	3209	4776	5657
1829	2920	3378	4822	5705
1988	2960	3634	5089	5770
2079	3036	3635	5480	5795
2212	3037	4083	5523	5912
2250	3041	4087	5534	5967

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी न्यू इयर विशेष मासिक सोडत तिकीट किंमत रु.100/- सोडत दिनांक 11-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस | दुसरे बक्षीस ₹3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) | तिसरे बक्षीस ₹5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 09/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
निकाल
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी
सोडत संख्या. 4:45 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 02 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 09/01/2025

मालिका	GL-00	GL-01	GL-02	GL-03	GL-04
पहिले बक्षिस रु. 10,000/-	5041	4824 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई	3311 हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा	6220	0830
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES					
दुसरे बक्षिस रु. 5000/-	6050		6817		
तिसरे बक्षिस रु. 2000/-	1517	5523	6726	8350	8686

चौथे बक्षिस रु. 1000/-	0733	0874	1455	1869	2913	3070	4212	5932	7495	8234
पाचवे बक्षिस रु. 500/-	0476	2302	2351	2565	2920	3888	4193	4866	5575	8388

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

सहावे बक्षिस रु. 300/-	0920	1714	2321	3213	4136	5053	5825	6420	7526	8745
	0980	1720	2396	3365	4194	5083	5838	6496	7733	8804
0010	0996	1734	2442	3389	4426	5118	5845	6527	7738	8833
0018	1011	1736	2529	3463	4432	5153	5898	6567	7740	8891
0094	1038	1739	2592	3473	4438	5286	5928	6628	7759	8997
0100	1121	1751	2629	3518	4439	5309	5987	6663	7785	9000
0190	1123	1776	2636	3561	4468	5433	5990	6675	7815	9042
0305	1140	1780	2647	3617	4510	5516	6016	6684	7896	9104
0320	1147	1842	2669	3637	4574	5539	6044	6705	7907	9129
0386	1160	1849	2758	3692	4583	5628	6167	6720	7925	9168
0433	1175	1871	2800	3730	4588	5633	6169	6745	7943	9196
0438	1202	1904	2924	3739	4656	5639	6225	6803	8018	9259
0441	1255	1971	2925	3764	4740	5660	6259	6977	8035	9297
0450	1271	2052	2969	3817	4752	5715	6260	7017	8165	9344
0615	1311	2130	3007	3893	4759	5716	6263	7053	8228	9383
0633	1361	2205	3028	3913	4809	5731	6277	7071	8362	9583
0706	1429	2236	3038	3965	4918	5750	6280	7155	8368	9654
0737	1579	2241	3053	4095	4949	5754	6383	7267	8528	9709
0830	1697	2249	3197	4109	5050	5823	6397	7274	8734	9942

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत सोडत दिनांक 25/01/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामायिक बक्षिस रु. | दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (₹. 10 हजारची 25 बक्षिसे) | तिकीट किंमत -20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी सोडत दिनांक 09/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

सुविचार

शालीनता आपके संस्कारों को दर्शाती है
इसलिए सभ्य और शालीन बन कर रहे

संपादकीय

सुस्ती की दस्तक

❒ नैशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस के पहले अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी ग्रोथ के 6.4% रहने की बात कही गई है, जो अच्छी खबर नहीं है। यह आरबीआई के 6.6% के अनुमान और वित्त वर्ष 2024 की 8.2% की ग्रोथ से काफी कम है। इस डेटा के आने के बाद आरबीआई पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव सरकार की ओर से बढ़ सकता है। दूसरी ओर, 1 फरवरी को आने वाले बजट पर भी निगाहें होंगी कि सरकार इकॉनमी को बूस्ट करने के लिए क्या कदम उठाती है। एनएसओ का मानना है कि मैन्युफैक्चरिंग और निवेश घटने से ग्रोथ पर बुरा असर पड़ने जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल से नवंबर के बीच कैपिटल एक्सपेंडिचर में 12.3% की सालाना गिरावट आई। लोकसभा चुनाव और फिर भारी बारिश की वजह से सरकार यह पैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट पर खर्च नहीं कर पाई, जिससे इकॉनमी पर दबाव बना।

वित्त वर्ष के बचे हुए महीनों में इसमें तेजी आने की आशा है, जिससे अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिल सकता है। एनएसओ के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रहेगी और निजी खपत में भी साल भर पहले की तुलना में अच्छा सुधार दिखेगा, लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में गिरावट के कारण स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। वहीं, कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से रूरल डिमांड में रिकवरी हुई है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में मांग कमजोर है। देखना होगा कि अर्बन डिमांड को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या उपाय करती है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज बनाए रखने के लिए सरकार को डिमांड और निवेश बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। इसका एक विकल्प हो सकता है कि सरकार टैक्स में रियायत दे ताकि लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा बचे। जब लोग यह पैसा खर्च करेंगे तो इकॉनमी को सपोर्ट मिलेगा। अगर फरवरी की बैठक में आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करता है तो उससे भी शहरी उपभोक्ता वर्ग को कम ईएमआई के रूप में राहत मिलेगी। इससे जो बचत होगी, उससे भी डिमांड में बढ़ोतरी हो सकती है। ब्याज दरें कम होती हैं तो कॉरपोरेट सेक्टर की दिलचस्पी भी निवेश में बढ़ती है। वह अपनी क्षमता बढ़ाता है, जिससे रोजगार के मौके बढ़ते हैं, लिहाजा डिमांड मजबूत होती है। अगर 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करना है तो आर्थिक ग्रोथ की रफ्तार तेज करनी होगी।

डॉ. एम.ए.रशीद, नागपूर

शुक्रवार स्पेशल | भाग (71)

इस्लामी परिदृश्य में अच्छे संस्कारों का महत्व

मुस्लिम समुदाय को चाहिए कि सद्व्यवहार के गुणों को आम करें

❍ इंसान अपने आप से अच्छे संस्कार और व्यवहारों का अभिलाषी होता है। हर धर्म और हर धर्म के लोगों में बल्कि दुनिया में रहने वाला हर व्यक्ति अच्छे आचार- विचार, चरित्र तथा अच्छे व्यवहार का कायल है। अच्छे संस्कारों का महत्व और महानता किसी से छिपी हुई भी नहीं है। इन व्यवहारों से निश्चय ही कोई इन्कार नहीं कर सकता। ये व्यवहार नैतिक गुणों के अंतर्गत आते हैं। नैतिक गुणों का ग्रहण करना मानव स्वभाव की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। मानव जीवन में यह बुनियादी ज़रूरतों में से एक है। इसके बिना इंसान में इंसानियत और खूबसूरती नहीं आती। इसके माध्यम से आपसी भाईचारा, एकता और समझौता, प्यार और क्षमा, दोस्ती और आपसी सम्मान होता है और इसी के माध्यम से समाज में सज्जनता, सद्भाव और समरसता पैदा की जा सकती है।

इस शक्ति के माध्यम से आपसी मतभेद, आपसी कलह, आक्रोश, घृणा, ईर्ष्या, महान से महानतम शत्रुता, द्वेष और सभी प्रकार के विरोधाभासों को दूर किया जा सकता है। घृणा, शत्रुता, आपसी कलह और आक्रोश आदि बुरे आचरण और दुर्व्यवहार सभी प्रकार की बुराइयों को जन्म देते हैं। इस प्रकार ऐसा प्रतीत होता है कि अच्छे संस्कार एवं अच्छे व्यवहार ही मानव जीवन की बहुमूल्य पूँजी एवं महान सम्पत्ति है। लेकिन आजकल लोगों ने अच्छे शिष्टाचार का अर्थ बहुत सीमित और विशेष कर दिया है और बहुत से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अच्छे शिष्टाचार का मतलब केवल सहानुभूति, मुस्कुराहट और विनम्रता के साथ लोगों से मिलना, उनसे दया और करुणा का व्यवहार करना, मुस्कुराकर बात करना है आदि क्रियाएं संस्कार की सीमा में न आकर वे गलतफहमी का दर्जा रखती हैं। नैतिकता का अर्थ बहुत व्यापक है और संपूर्ण मानव जीवन को समाहित करता है, इसमें केवल उपरोक्त बातें ही शामिल नहीं हैं बल्कि इसके कई क्षेत्र हैं। मधुर शब्द, क्षमा और दया, मित्रता और नम्रता, करुणा और दयालुता, दयालुता और प्रेम, गरिमा और सम्मान, नम्रता और सहनशीलता, विनय और शर्म, उदारता और दया। माता-पिता, भाई और बहन, प्रियजन और रिश्तेदार, पत्नि और बच्चे, अनाथ, गरीब लोग, पड़ोसियों के साथ सहयोग और सहायता, धैर्य और कृतज्ञता, न्याय और निष्पक्षता, ईमान और ईमानदारी के रूप में संस्कारों का गुण झलकता है। हर एक प्राणी के साथ अच्छे व्यवहार करना अच्छी नैतिकता के क्षेत्र हैं। इन सद्व्यवहारों को शरीयत ने मुस्लिम समुदाय को सिखाए हैं।

शरीयत की नज़र में "नैतिकता" का अर्थ बहुत व्यापक है। इस के अर्थ में जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से मिले तो माथे पर मुस्कान लेकर मिले, उससे प्यार जताए और उसके साथ नम्रता से बात करे। यह हृदय के साथ उठने वाली भावनाएँ होती हैं। अच्छे संस्कारों से व्यक्ति की भावनाओं में अच्छी और सुखद बातें उत्पन्न होती हैं। जब हम संस्कारों और सद्व्यवहारों को इस्लाम और शरियत की नज़रिए से देखते हैं तो अच्छे संस्कारों और सद्व्यवहारों का मूल्य और पुण्य दोगुना हो जाता है। पवित्र क़ुरआन और शरियत में इसे बहुत महत्व दिया गया है। जैसे कि पहले बताया गया है कि इन्सानों की सेवा और उनके साथ अच्छे व्यवहार की चर्चा आते ही लोगों का ध्यान आम परिस्थितियों में बस आर्थिक सहायता की ओर चला जाता है, परन्तु इस्लाम ने इस तथ्य की ओर बार-बार ध्यान आकर्षित किया है कि किसी की सेवा और सद्व्यवहार के अर्थ यही नहीं हैं कि उसकी आर्थिक सहायता की जाए और उसकी भौतिक आवश्यकताएँ पूरी कर दी जाएँ, बल्कि इसमें प्रेम, सहानुभूति, ढाढ़स और वह उच्च नैतिक व्यवहार भी सम्मिलित हैं जो एक शिष्ट इन्सान दूसरे इन्सान के साथ करता है और जिसे सद्व्यवहार के अन्तर्गत माना जाता है। इन्सान इस दुनिया में केवल इतने ही का मुहताज नहीं है कि उसे पेट भरने के लिए दो समय की रोटी, शरीर ढंकने के लिए कपड़े और सिर छिपाने के लिए मकान मिल जाए और यदि वह बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल पहुंचा दिया जाए, बल्कि वह यह भी चाहता है कि यदि वह दरिद्र और निर्धन है तो उसे नीच और तिरस्कृत न समझा जाए। उसके साथ समानता और बराबरी का बरताव किया जाए। वह बीमार है तो उसके इलाज और दवाओं ही का प्रबन्ध न हो, बल्कि उसकी सेवा और देख-रेख भी की जाए। उसमें कोई गुण है तो उसको स्वीकार किया जाए, उससे कोई ग़लती हो जाए तो क्षमा और दरगुज़र से काम लिया जाए। उसकी सुख-दुःख में सम्मिलित हुआ जाए और ठोस भौतिक सहायता के साथ बातचीत, मेल-जोल और पारस्परिक सम्बन्धों में भी उत्तम नैतिक रवैया अपनाया जाए। पवित्र क़ुरआन और हदीसों की दृष्टि में इसके बिना सेवा और सद्व्यवहार का विचार पूरा नहीं होता। इसका एक अच्छा उदाहरण यह है कि माँ-बाप केवल इतने ही के मुहताज नहीं होते कि संतान उनके खाने कपड़े का प्रबन्ध कर दे, बल्कि वे संतान से ऐसे प्रेम और सहानुभूति के भी इच्छुक होते हैं जो उनके बुढ़ापे के कष्टों और निराशाओं को दूर कर दे। उनको यह एहसास न होने दे कि वे समाज में अकेले और निरर्थक होकर रह गए हैं। उनके बुढ़ापे का ध्यान रखे। उनको अपना बड़ा माने और उनके साथ सम्मान और आदर से पेश आए। पवित्र क़ुरआन ने संतान को माँ-बाप के आर्थिक भरण-पोषण ही का आदेश नहीं दिया, बल्कि उनके साथ सद्व्यवहार की भी ताकीद की है। इसमें आर्थिक भरण-पोषण उच्चतम रूप से और सर्वप्रथम सम्मिलित हो जाता है। (हनफ़ी फ़िक़्ह की सुप्रसिद्ध पुस्तक 'हिदाया' में है कि आदमी के माता-पिता चाहे मुसलमानहों या गैर-मुस्लिम उनका नान-नफ़क़ा (खाना-कपड़ा) उसपर अनिवार्य है।

इसका तर्क यह दिया है कि अल्लाह तआला ने गैर-मुस्लिम माता - पिता के साथ भी व्यवहार में 'मारूफ' (प्रचलित व भले तरीके) की पाबन्दी का हुक्म दिया है। (पवित्र क़ुरआन, 31:15) इसके तक़ाज़े को इस तरह बयान किया गया है कि "यह कोई नेकी और मारूफ़ तरीक़ा नहीं है कि आदमी स्वयं तो अल्लाह तआला की नेमतों से फ़ायदा उठाता रहे और माता-पिता को भूखा मरने के लिए छोड़ दे। हिदाया, भाग 2, पृ. 23- 24) अब देखिए पवित्र क़ुरआन की दृष्टि में माता पिता के साथ सद्व्यवहार का विचार कैसा है यदि उनमें से कोई एक या दोनों तुम्हारे सामने बुढ़ापे को पहुँच जाएँ तो उन्हें 'उफ़' तक न कहो और न उन्हें झिड़को, बल्कि उनसे भली बात करो। और दयालुता के साथ उनके लिए विनम्रता की भुजा झुका दो, और उनके लिए दुआ करो : ऐ 'रब'! जिस प्रकार इन्होंने बचपन में मेरा पालन-पोषण किया है, उसी प्रकार तू भी इनपर दया कर।" (पवित्र क़ुरआन, 17: 23-24) कभी-कभी सहानुभूति का एक शब्द, प्रेम से परिपूर्ण एक बात और भलाई के बोल का मूल्य भौतिक सहायता से अधिक होता है। पवित्र क़ुरआन ने मीठी बोल और अच्छे सम्बोधन को इतना महत्त्व दिया है कि एक स्थान पर इसका वर्णन नमाज़ और ज़कात से पहले किया है कि "और यह कि लोगों से भली बात करो, नमाज़ क़ायम करो और ज़कात दो।" (पवित्र कुरआन, 2: 83) एक दरिद्र और निर्धन व्यक्ति की सेवा तो रुपये-पैसे से की जा सकती है, परंतु जिसके पास स्वतः ही दौलत हो उसे हमारे पैसे की आवश्यकता नहीं है, परन्तु वह हमारी सहानुभूति, प्रेम और नैतिक व्यवहार का मुहताज है।

अतः धनवान या निर्धन हर एक किसी न किसी रूप में हमारी सेवा का ज़रूरतमन्द हो सकता है। यदि हम पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के जीवन पर प्रकाश डालें तो हर क्षेत्र में सभी प्रकार के लोगों के साथ उनके बहुत अच्छे व्यवहार और अच्छी संगति के अनेकों उदाहरण मिलते हैं। यहां तक कि बेजुबान जानवरों और पक्षियों के साथ भी अच्छा व्यवहार करने की शिक्षाएं दी गई हैं। मुस्लिम समुदाय को चाहिए कि सद्व्यवहार के गुणों को आम करें। चाहे व्यापारी हो या किसान, डॉक्टर हो या इंजीनियर, शिक्षक हो या छात्र, कर्मचारी हो या नौकर हो या मज़दूर और पुरुष हो या महिला, सभी को नैतिकता के साथ अच्छा स्वभाव रखते हुए सद्व्यवहार करना चाहिए। बुरे व्यवहार, धोखे, धोखाधड़ी, विश्वासघात और मामलों में साफ़-सफ़ाई की कमी आदि से पूरी तरह बचना चाहिए।

आस्था

मकर संक्रांति पर बन रहे हैं दुर्लभ संयोग

❒ मकर संक्रांति हिंदू धर्म में बहुत विशेष मानी गई है. इस दिन भगवान सूर्य उत्तर दिशा की ओर गमन करने लगते हैं. भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के बाद मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है. ये हिंदुओं का प्रमुख और नए साल का पहला त्योहार है. मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान-दान की मान्यता है. इस दिन स्नान-दान से पुण्यकारी फल प्राप्त होते हैं. इस साल भगवान सूर्य का 14 जनवरी को सुबह 9 बजकर 3 मिनट मकर राशि में प्रवेश होगा. ऐसे में इस साल 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाएगी.

इस साल मकर संक्रांति पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है. मकर संक्रांति के दिन पुष्य नक्षत्र के साथ विष्कुंभ नक्षत्र, बालव और कौवल जैसे योग बन रहे हैं. सूर्य के मकर राशि में प्रवेश और इन योगों के बनने से कुछ राशियों का भाग्य चमक सकता है. आइए जानते हैं कि वो कौन सी राशियां हैं, जिनको इससे लाभ हो सकता है. भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करने के बाद इस राशि के 7 वें भाव में गोचर करेंगे. ऐसे में कर्क राशि के जातकों को हर क्षेत्र में सफलता के योग हैं. साथ ही धन लाभ हो सकता है. रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं. पुराने मित्रों से मिल सकते हैं. कार्यस्थल पर आपके काम की तारीफ होगी. कारोबार में खूब लाभ हो सकता है. आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी. सेहत भी अच्छी रहने वाली है. सूर्य मकर राशि में प्रवेश के बाद इस राशि के चौथे भाव में गोचर करेंगे. ऐसे में तुला राशि के जातकों की सुख सुविधाएं बढ़ सकती हैं. घर में खुशियों का आगमन हो सकता है. घर में शुभ और मांगलिक कार्य के योग हैं. करियर के क्षेत्र में सफलता मिल सकती है.

कारोबार करने वाले जातक जो नीतियां बनाएंगे वो सफल हो सकती है. आय के नए सोर्स मिलेंगे. पैसे बचाने में सफल हो सकते हैं. भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश के बाद इस राशि के 11 वें भाव में गोचर करेंगे. इससे मीन राशि वाले जातकों को भी बहुत फायदा होगा. करियर के क्षेत्र में लाभ मिल सकता है. आय में बढ़ोत्तरी होगी. जीवनसाथी के साथ संबंध मजबूत हो सकते हैं.

व्यंग्य

रवीन्द्र नाथ त्यागी

तराई का फ़ार्म

❍ भगवान बुद्ध ने एक स्थान पर कहा है कि संसार दुःखों का समुद्र है। यह बात अब भी उतनी ही सच है कि जितनी कि गौतमबुद्ध के समय में थी। सच्ची स्थिति तो यह है कि दुःखों की संख्या इन दिनों कुछ बढ़ ही गयी है और ऐसे अनेक दुखों का प्रादुर्भाव हो गया है जो कि भगवान के समय में' नहीं थे।

उदाहरण के लिये रेल छूटने का दुःख, नायब तसीलदारी में न लिये जाने का दुःख या बीमे की रसीद वक्त पर न आने का दुःख। पुराने जमाने में गिनती के दो-चार दुःख होते थे जिनमें दूसरे की सुंदर सी और राज्य न छीन पाने का दुःख कदाचित सबसे ऊंचा स्थान रखता था। आज के युग के जो दुःख हैं? उसके सामने परायी स्त्री और दूसरे के राज्य का दुःख कुछ भी नहीं। हमसे पूछिये, लोकल ट्रेन में यदि खिड़की

के पासवाली सीट मिल जाये तो रसखान के शब्दों में तीनों लोकों के सुखों को न्यौछावर कर दें। मनुष्य के पास काम न होने का दुःख भी अपने किस्म की एक अलग चीज है। जिन लोगों को बेकारी झेलने का साबका नहीं पड़ा, वे इसके मजे कभी समझ ही नहीं सकते। बेकारी से मेरा अर्थ काम के लिये काम ढूंढने से नहीं है- वैसा करना तो शास्त्र के विरुद्ध होगा, क्योंकि गीता में इस बात पर जोर दिया गया है कि मनुष्य सम्यक् बुद्धि की सहायता से कर्मों के बंधन को काटे। मेरे कहने का अभिप्राय यहां धन के लिये काम खोजने से है। यह जो मुद्रा का राक्षस है यह बड़ा विकट है। संस्कृत साहित्य में भी मुद्राराक्षस नाटक इन्हीं कारणों से ऊंचा माना जाता है। उन दिनों की बात मुझे हमेशा याद रहेगी जब कि मैं रात-दिन काम की खोज में मारा- मारा फिरता था। काम का विरह यक्षिणी के विरह से जियादा भयंकर होता है। वैसे मैं मानता हूं कि वह दुःख भी किसी-किसी स्थिति में काफी तीव्र होता है पर फिर भी बेकारी के सामने वह कुछ नहीं। जहां तक मेरा विचार है, मेघदूत का यक्ष भी खाने-पीने की चिंता से मुक्त था।

मेरे खयाल से ये हजरत काफी शौकीन किस्म के आरामतलब इंसान थे जो छोटा नागपुर की पहाड़ियों पर किसी रेस्ट हाउस में रहते थे। आरामतलबी के बारे में तो कहना ही क्या- अलकापुरी से निकाले ही इस चार्ज पर गये थे। हां, तो ये रेस्ट हाउस में रहते थे सुबह उम्दा नाश्ता किया और फिर बगीचे की सैर को निकल गये। इसके बाद खानसामा के साथ कुछ गप्पें मारीं और फिर एक श्लोक स्टेनोग्राफर को डिक्टेट कर दिया। तीसरे पहर स्थानीय सुंदरियों के साथ चौपड़ खेलने निकल गये और बस छुट्टी। दूसरे शब्दों में, ये अपनी प्रिया को ठीक उसी तरह याद करते थे जैसे कि दौरे पर आजकल साहब लोग याद करते हैं। मेरा यह निश्चित मत है कि मेघदूत का यक्ष सच्चा प्रेमी नहीं था। सच्चा प्रेमी कभी इतनी व्याकरण सम्मत और प्रांजल भाषा में इस प्रकार का छंदोबद्ध काव्य नहीं रचता-वह तो टूटे-फूटे शब्दों में दिल की बात कहता है और उसके बाद आत्महत्या कर लेता है। आत्महत्या करने के बाद वह किसी घरेलू लड़की से विवाह करता है। परिवार नियोजन की सारी सरकारी योजनाओं को खल्लास करता है और इसके बाद स्थानीय कवि-सम्मेलनों में प्रयाण-गीत नाम की पुरानी कविता को सस्वर दो बार पढ़कर सुनाता है।

सूरज कभी सोता नहीं

❍ नन्हे बबलू ने रोहित से पूछा ,''अंकल क्या सूरज थकता नहीं है ?वह तो कभी सोता ही नहीं ,''उस नन्हे बच्चे के इस सवाल ने रोहित को लाजवाब कर दिया. एक हारे हुए इंसान को उम्मीद की नवकिरण दिखा रहा था ,उस पांच साल के नन्हे से बच्चे का सवाल एक हारा हुआ बिल्डर जिसकी बनाई हुई इमारत हाल ही में तांश के पत्तो सी बिखर गई थी और उसके साथ साथ उसकी आर्थिक स्थिति भी डांवाडोल हो चुकी थी,लेकिन बबलू का वह वाक्य उसे एक नई राह दिखा रहा था. रोहित ने अपनी कम्पनी के पूरे स्टाफ को फिर से बुलाया ,नयी रूपरेखा तैयार की गई और जुट गया एक बार फिर से उस प्रोजेक्ट को नए सिरे से बनाने में इस बार रोहित बड़ी सतर्कता से हर काम अपनी ही देख रेख में करवा रहा था ,उसे न दिन का होश रहता था न रात का ,किसी पर कोई काम छोड़ता ही नहीं था. नन्हे बबलू के शब्द उसके कानों में सदा गूंजते रहते थे .उसे सूरज की तरह ही बनना है ,कभी थकना नहीं है. एक दिन उसकी अनथक मेहनत रंग ले ही आई और उसकी हार जीत में बदल चुकी थी. वह उस बुलंद इमारत के सामने खड़ा उसके पीछे प्रेरणा देते हुए चमकते सूरज को टकटकी बांधे निहार रहा था ,आज उस नन्हे बच्चे के सवाल का जवाब उसके पास है ,''सूरज कभी सोता नहीं.

लालची कुत्ता

❍ इथियोपिया के अम्बो शहर के पास एक लड़का रहता था। वह अपने माता पिता के साथ ही रहता था और अपने पिता की भेड़ों की देखभाल में उनका हाथ बंटाता था। वह रोज भेड़ों को घास चराने के लिए ले जाता था। उसके पास एक कुत्ता भी था। वह कुत्ता उसका अच्छा साथी था और कई मौकों पर उसकी सहायता भी करता था। वह उसकी भेड़ों की देख भाल भी करता था. सुबह सुबह वह कुत्ता उन भेड़ों को मैदानों की तरफ चराने के लिए ले जाता और शाम को ही उनको घर वापस लाता। सब काम वह बहुत अच्छा करता था पर वह लालची बहुत था। उसको अपने लिये सारी चीज़ें चाहिये थीं। एक दिन उस कुत्ते ने घर से थोड़ा सा माँस चुराया और उसको ले कर दूर जंगल में भाग गया। कुछ दूर जाने के बाद ही एक छोटी सी नदी आयी। नदी पार करने के लिए नदी के ऊपर एक पुल था। जब वह कुत्ता पुल से हो कर नदी पार कर रहा था तो उसने नीचे पानी की तरफ देखा। पानी में उसको अपनी परछाँई दिखायी दी। परछाँई देख कर उसने सोचा कि वह कोई दूसरा कुत्ता था जो उससे ज़्यादा बड़ा माँस का टुकड़ा लिये जा रहा था। पहले तो उसे यह सब देख कर डर लगा पर तुरन्त ही लालच ने उसे घेर लिया। उसकी उस दूसरे कुत्ते से वह माँस का टुकड़ा लेने की इच्छा हो आयी और वह तुरन्त ही उस दूसरे कुत्ते से माँस के टुकड़े को छीनने के लिये नदी में कूद पड़ा। पानी में कूद कर उसने दूसरे कुत्ते का माँस का टुकड़ा छीनने के लिये अपना मुंह खोला तो उसके अपने मुंह का माँस का टुकड़ा तो पानी में गिर गया और नदी के पानी के बहाव में बह गया। पर पानी में कोई दूसरा कुत्ता तो था नहीं, वहाँ तो केवल उसकी अपनी परछाँई थी सो लाख कोशिशें करने के बाद भी वह पानी वाले कुत्ते से उसके बड़े माँस के टुकड़े को न पा सका। ओह तो यह उस कुत्ते की चाल थी। यहाँ तो कोई भी नहीं है। चलो कोई बात नहीं, मेरे पास मेरा अपना माँस का टुकड़ा तो है ही।" कुत्ता खुशी से बोला। पर यह क्या? उसका अपना माँस का टुकड़ा तो कब का पानी में बह चुका था। इस तरह उसने लालच में आ कर अपना माँस का टुकड़ा तो खोया ही खोया और उसे पानी वाले कुत्ते के माँस का टुकड़ा भी न मिल सका। सच है लालच बुरी बला है। ऐसी ही कहानी उत्तरी भारत में भी माता पिता अपने बहुत छोटे बच्चों को सुनाते हैं।

किताब दर किताब

❍ मैं एक झोलाछाप लेखक हूं। मेरे झोले में पत्र पत्रिकाओं के अलावा किताबें भी रहती हैं। हर पुस्तक मेले में जाता हूं। किताबें उलटता हूं, पलटता हूं, कभी कभी कुछ अंश वही पर पढ़ लेता हूं या फोटोकॉपी करा लेता हूं, मगर पुस्तक खरीदना हर तरह से मुश्किल होता जा रहा है। हिन्दी संसार में पुस्तकों का क्रय विक्रय, सबमिशन, चर्चा, गोष्ठी सब लेखक की औकात पर निर्भर करती है। हर साल हज़ारों टाइटल छपते हैं। हर पुस्तक कम से कम सौ पृष्ठ की होती है, हर पुस्तक की हजार या पाँच सौ प्रतियाँ छपती है, प्रकाशक उसे किसी न किसी सरकारी खरीद में भिड़ा देता है, फिर भी उसकी आत्मा रोती कलपती रहती है। लेखक को देखते ही प्रकाशक अपना दुखड़ा रोने लग जाता है। किताब नहीं बिकती। रायल्टी की बात मत करो। हटो तुम उठो पुस्तक क्रय समिति के सदस्यों को बैठने

दो। आइये साहब आइये। बैठिए क्या लेंगे ठण्डा या गरम और प्रकाशक पुस्तक क्रय समिति के सदस्य, अध्यक्ष या पुस्तकालयाध्यक्ष को गरम मांस परोसने को तैयार हो जाता है। दुनिया बड़ी तेज़ी से बदली है। पहले लेखक द्वारा अपनी एक पुस्तक छपा लेना बड़ी उपलब्धि थी, अब हर प्रदेश में अकादमियाँ है जो कुछ भी छापने को तैयार है और लेखक लगातार छप रहा हैं, मगर रो रहा है। हिन्दी का प्रकाशक पुस्तकें निर्यात कर रहा है मगर लेखक को जीने का हक नहीं देना चाहता । पुस्तक भी एक प्रोडक्ट और बाज़ार के नियमों से बिकती है, यह बात प्रकाशक समझते है। वह साहित्य की पुस्तकों के फेर में ज्यादा नहीं पड़ता । वो अचार, मुरब्बे, चटनी, सब्जी कैसे बनाये और टेक्स्ट बुक जैसी पुस्तक बेचने में ज्यादा रूचि दिखाता है। पुस्तक प्रकाशन संसार एक सम्पूर्ण भ्रष्टाचार संस्थान है। पुस्तक सबमिशन से शुरू होने वाला यह भ्रष्टाचार चेक प्राप्त करने के बाद तक चलता रहता है। कमीशन और पुस्तक का मुद्रित मूल्य ये दो चीजें पूरे बाजार को तय करती हैं। एक पुस्तक बंगाल में कम कमीशन पर मिल सकती है तो वही पुस्तक जयपुर में अधिक मूल्य व अधिक कमीशन पर मिल जाती है। पुस्तक क्रय समिति तय करती है पुस्तक की कीमत और लेखक का भाग्य। योगदान करता हैं प्रकाशन का मुनीम, मैनेजर, बेटा या दलाल। पुस्तक बिकती है। लेखक बिकता है। पुस्तकालयाध्यक्ष बिकता है। पुस्तक क्रय समिति के सदस्य बिकते है। सब का मूल्य बस विचार का मूल्य नहीं है। हिन्दी का लेखक कलम का मजदूर है मगर अपने आपको किताब से ऊपर मान कर चलता है। लेखक नया प्रकाशक ढूंढ़ता है, प्रकाशक नया लेखक ढूंढ़ता है और किताब बेचारी इधर से उधर गिरती, पड़ती उठती बैठती रहती है। पुस्तक को उद्योग समझने वाले जानते है पुस्तक संसार को क्या चाहिये वे वही चीजें छापते हैं। अश्लील साहित्य के बाद आध्यात्मिक साहित्य सबसे ज्यादा बिकता हैं रोमांस के नाम पर पोर्नोग्राफी बिकती है। कामसूत्र भी बिकता है और रामचरितमानस भी।

लघुकथा

क़ैश जौनपुरी

दुष्ट बालक

❍ इशांत नाम था उसका. मगर वो कभी शांत नहीं रहता था. घर में कभी सन्नाटा नहीं होने देता था. एक तरह से घर वाले खुश भी रहते थे कि, "चलो अच्छा है, अकेला ही खेलता रहता है" मगर धीरे-धीरे उसकी शैतानियां बढ़ती चली गईं. अब वो रिश्तेदारों में भी मशहूर हो गया था. सब लोग कहते थे, "कितना शरारती बच्चा है? खा-खा के मोटा हो रहा है लेकिन अक्ल एक पैसे की नहीं है" उसकी मां लोगों के ताने सुन-सुन के परेशान हो चुकी थी. करती भी तो क्या? आखिर इकलौता जो था. ऐसा नहीं था कि उसकी मां उसकी हर शरारत पे शान्त रहती थी. वो पिटता भी बहुत था मगर उसे कहां असर होता था. अपनी पिटाई का बदला वो मुहल्ले के बच्चों को पीट के ले लेता था. अब वो स्कूल जाने लगा था. तीसरी क्लास तक तो वो अपनी शैतानियों की वजह से चर्चा में रहा. हमेशा पिटता था, स्कूल में भी और घर में भी. हालत ये हो गई कि अब वो रोज पिटने लगा था . कभी पढ़ाई की वजह से तो कभी किसी बच्चे को पीटने की वजह से और कभी

इन दोनों वजहों के बाद अपनी मां के गुस्से की वजह से. अब तो वो भी तंग आ गया था पिट-पिट के. अब वो चौथी क्लास में आ चुका था. और चौथी से लेकर दसवीं तक वो ही अपनी क्लास में अव्वल रहा. कोई उसे पिछाड़ नहीं सका. ना तो पढ़ाई में और ना ही शरारत में. हां, उसकी शरारतों का अन्दाज अब बदल चुका था. अब वो घर के बर्तन नहीं तोड़ता था. अब वो मौज-मस्ती के अन्दाज में शरारत करता था. उस दिन भी वो मौज-मस्ती के लिये घर से निकला था. कुछ लड़कों के साथ नहर पे नहाने के लिये. पानी में घुसते ही उसे शरारत सूझने लगी और धक्का-मुक्की के खेल में पता नहीं क्या हुआ. सुनने में आया कि उसकी लाश तीन दिन बाद मिली थी.

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स

डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

युवाओं को ड्रग्स के जरिए निशाना बनाया जा रहा: फडणवीस

मुंबई.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश को अंदर से कमजोर करने के लिए इसके युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। फडणवीस ने मादक पदार्थों को एक ''अदृश्य दुश्मन'' बताते हुए लोगों से इस बुराई के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इससे सामूहिक रूप से लड़ने का आग्रह किया। फडणवीस 'नशा मुक्त नवी मुंबई' अभियान के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। यह मुंबई के उपनगर को नशा मुक्त बनाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इस अभियान की शुरुआत नवी मुंबई पुलिस ने की है।

लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा,''यह नवी मुंबई पुलिस द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। लेकिन यह केवल नवी मुंबई के बारे में नहीं है। यह महाराष्ट्र और भारत के लिए एक लड़ाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे युवाओं को देश को अंदर से कमजोर करने

के लिए मादक पदार्थ के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''कनाडा जैसे देश मादक पदार्थ के खिलाफ अपनी लड़ाई हार गए हैं और उन्होंने कानून बनाने का सहारा लिया है लेकिन भारत इस युद्ध को जीतने की स्थिति में है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने युवाओं को मादक पदार्थ के दुरुपयोग के खतरों

मादक पदार्थ की भूमिका पर जोर

राज्यों और जिलों के बीच मजबूत समन्वय के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि महाराष्ट्र और देश नशा मुक्त हो जाए। फडणवीस ने मादक पदार्थ के खतरे से निपटने में समाज की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''यह कोई सामान्य युद्ध नहीं है। आप नजर आ रहे दुश्मन को देखकर उससे ताकत से लड़ सकते हैं, लेकिन मादक पदार्थ जैसे अदृश्य दुश्मन से लड़ने के लिए समाज की सामूहिक ताकत की आवश्यकता होती है।''

के बारे में शिक्षित करने के महत्व पर भी जोर दिया। फडणवीस ने नागरिकों से अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करते हुए कहा, ''मादक पदार्थ के खिलाफ यह लड़ाई सच्ची 'देशभक्ति' है। इस युद्ध में मुखबिर बनना भी समाज के लिए एक बड़ी सेवा है।'' इस अभियान को अपना समर्थन देने वाले बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इस कार्यक्रम में मौजूद थे। फडणवीस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा, ''जॉन अब्राहम ने जीवन में सब कुछ देखा है, लेकिन कभी भी मादक पदार्थ के चंगुल में नहीं फंसे। इस अभियान में उनकी भागीदारी (मादक पदार्थ के खिलाफ) संदेश को और प्रभावशाली बनाएगी।

सुधारगृह से भागीं आठ नाबालिग लड़कियां

> सात बरामद

ठाणे.

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सरकारी पर्यवेक्षण गृह से आठ किशोर लड़कियां भाग निकलीं, जिसके बाद अधिकारियों ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद उनमें से सात को खोज लिया गया. एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हिल लाइन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से 17 वर्ष की आयु की लड़कियों ने मंगलवार तड़के उल्हासनगर टाउनशिप में स्थित ठाणे पर्यवेक्षण गृह के एक बेडरूम की खिड़की की ग्रिल तोड़ दी और वहां से भाग निकलीं. ठाणे पर्यवेक्षण गृह के केयरटेकर ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया, जिसने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया.

रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी ने बताया कि आठ लड़कियों में से

सात को दो घंटे से भी कम समय में उल्हासनगर में दो अलग-अलग स्थानों पर खोज लिया गया और वापस लाया गया, जबकि एक का अभी पता नहीं चल पाया है. उन्होंने कहा कि उल्हासनगर स्टेशन पर लोकल ट्रेन सेवा शुरू होने से काफी पहले ही सात लड़कियों का पता लगा लिया गया था, अन्यथा वे शहर से भाग सकती थीं. उन्होंने बताया कि लड़कियों को ठाणे निगरानी गृह में रहना पसंद नहीं था और इसलिए उन्होंने वहां से भागने का फैसला किया. उन्होंने बताया कि हिल लाइन पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 500 रुपये को लेकर हुए विवाद में 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने छोटे भाई की हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार रात कल्याण इलाके में हुई. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. बाजारपेठ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी सलीम शमीम खान नशे में था और जब उसके भाई नसीम खान (27) ने उससे बिना अनुमति के उसकी जेब से 500 रुपये निकालने के लिए कहा तो वह भड़क गया. उन्होंने बताया कि विवाद बढ़ गया और आरोपी ने कथित तौर पर अपने छोटे भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी. बाद में उनकी मां ने घटना के बारे में अधिकारियों को सूचित किया. उसके बयान के आधार पर आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है.

मुंडे पर प्रमोद महाजन की भाभी ने लगाया आरोप

मुंबई.

मंत्री धनंजय मुंडे की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं. बुधवार को बीजेपी के दिवंगत नेता प्रमोद महाजन की एक करीबी रिश्तेदार ने उन पर बीड जिले में साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की डेढ़ एकड़ जमीन हड़पने का आरोप लगाया. इसके साथ ही उन्होंने ये भी दावा किया कि इस जमीन की कीमत 3.5 करोड़ रुपए से ज्यादा थी. लेकिन दबाव डालकर इसे महज 21 लाख रुपए में खरीदा गया.

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रमोद महाजन की भाभी सारंगी महाजन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग की. मुंडे दिसंबर में अपने गृह जिले बीड में स्थित एक गांव के सरपंच की हत्या के मामले में पहले से ही आलोचना का सामना कर रहे हैं. वहीं अब उन पर बीड जिले में जमीन हड़पने का आरोप लगाया जा रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं.

सारंगी महाजन ने मुंबई में सूबे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि धनंजय मुंडे के एक सहयोगी ने उन पर अपनी जमीन हस्तांतरित करने के लिए दबाव डाला था और उन्हें धमकाया था. सारंगी ने कहा कि उनकी साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की जमीन को दबाव डालकर जबरदस्ती सिर्फ 21 लाख रुपए में हासिल कर लिया गया. मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद सारंगी महाजन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सीएम ने उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया है. वहीं उपमुख्यमंत्री अजित पवार से भी इसी तरह का आश्वासन मिला है. उन्होंने कहा कि धनंजय मुंडे ने पिछले डेढ़ साल में मुझे काफी परेशान किया है और मैं उनके इस्तीफे की मांग करती हूं. धनंजय मुंडे अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं में से एक हैं. वहीं इन आरोपों पर फिलहाल उनकी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. बात सारंगी महाजन की करें तो वो बीजेपी के कद्दावर नेताओं में शुमार प्रमोद महाजन के भाई दिवंगत प्रवीण की पत्नी हैं. वहीं धनंजय महाराष्ट्र और केंद्र में मंत्री रह चुके हैं गोपीनाथ मुंडे के भतीजे हैं.

कराड के खिलाफ ईडी ने क्यों नहीं की कार्रवाई?

>सुप्रिया सुले का हमला

बीड. जिले के मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में वाल्मीकि कराड के नाम पर कई मामले दर्ज हैं. उनका आठ महीने पहले आर्थिक अपराध दर्ज किया जा चुका है. उस पर धन शोधन सहायता अधिनियम के तहत मुकदमा चलाए जाने की उम्मीद थी, लेकिन आठ महीने बाद भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई. एनसीपी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि एक तरफ सबूतों के अभाव में अनिल देशमुख और संजय दत्त के खिलाफ कार्रवाई की गई, लेकिन वाल्मीकि कराड के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

सुप्रिया सुले ने कहा कि वाल्मीकि कराड के खिलाफ अब तक ईडी ने कार्रवाई क्यों नहीं की? वाल्मीकि कराड के नाम पर 2022 में एक नोटिस जारी किया गया था. उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई. लेकिन बिना किसी सबूत के अनिल देशमुख पर कार्रवाई की गई. इसके अलावा वाल्मीकि कराड के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई, जबकि आठ महीने पहले कंपनी पर आरोप लगाए गए थे. हम इस संबंध में वित्त मंत्रालय को उपाध्यक्ष पत्र देने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि वाल्मीकि कराड का विषय राजनीतिक नहीं है. यह एक सामाजिक शोधकर्ता है. रंगदारी का यह मामला अवधि कंपनी ने दर्ज किया है. विपक्ष ने वाल्मीक कराड के खिलाफ मामला दर्ज किया, उनके खिलाफ ईडी और पीएमएलए की कार्रवाई क्यों नहीं होती?

उन्होंने कहा कि बीड को लेकर हमारी तीन मांग है. यह एक फाइनेंशियल फ्रॉड है तो वाल्मीकि कराड पर एक्शन क्यों नहीं हो रहा? ईडी के नोटिस पर क्या हुआ? आज तक इस मामले में इतने गिरफ्तार हुए है. बीड और परभणी दोनों जगहों पर हत्या हुई है. आखिरी सवाल इतने केस आ गए थे फिर भी वाल्मीकि कराड लाडली बहन योजना के अध्यक्ष क्यों बने?

उन्होंने कहा कि आर्थिक गड़बड़ी पर कार्रवाई होती है, लेकिन वाल्मीकि कराड पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? जब उनके विरुद्ध कई अपराध दर्ज हुए तो उन्हें लड़की बहिन योजना का अध्यक्ष पद भी दिया गया था. सुप्रिया सुले ने पूछा कि जब मामला दर्ज हुआ तो उन्हें इस महत्वपूर्ण योजना का अध्यक्ष क्यों बनाया गया? मंत्री धनंजय मुंडे का वाल्मीक कराड के साथ प्रोफेशनल लेन-देन है. सुप्रिया सुले ने कहा कि उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए? इसका जवाब सरकार से है. सांसद सुले ने कहा कि मैं सरकार में नहीं हूं.

बांग्लादेशी-रोहिंग्या पर सीएम फडणवीस का एक्शन

> एसआईटी गठन करने का आदेश

मालेगांव. मालेगांव में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में महाराष्ट्र के गृह विभाग ने एसआईटी बनाने के आदेश दिया है. नासिक के डीआईजी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है. एसआईटी में नासिक डिविजनल संयुक्त आयुक्त, अतिरिक्त कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जैसे चार सदस्यों को शामिल किया गया है. जांच के बाद रिपोर्ट देने को कहा गया है. किरीट सोमैया ने इस मुद्दे पर आवाज उठाई थी. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मालेगांव में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को जारी

किए गए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के बारे में भाजपा नेता किरीट सोमैया के आरोपों की एसआईटी जांच के आदेश दिए.एसआईटी का नेतृत्व नासिक के डीआईजी और जिला प्रशासन के अधिकारी करेंगे. पुलिस भी टीम का हिस्सा होगी. महाराष्ट्र गृह विभाग के एक बयान में कहा गया है कि यह जांच करेगी और समस्या को रोकने के उपायों के साथ रिपोर्ट देगी.

बता दें कि 2 जनवरी को, भाजपा नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया था कि मालेगांव के लगभग 1,000 लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए खुद को बांग्लादेशी रोहिंग्या के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया. उन्होंने आगे कहा, नासिक कलेक्टर और नासिक नगर निगम ने मामले की पूरी समीक्षा शुरू कर दी है.उन्होंने कहा था,"मुझे पता चला है कि एक घोटाला किया गया था, जिसमें मालेगांव के लगभग 1,000 लोगों ने खुद को बांग्लादेशी रोहिंग्या के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया, तहसीलदार से मिले और जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किए. अब, नासिक कलेक्टर और नासिक नगर निगम ने मामले की जांच शुरू कर दी है."

टोरेस कंपनी को लगा 13 करोड़ का चूना

मुंबई. मुंबई में सामने आए 'टोरेस' कंपनी घोटाले में अब नए खुलासे सामने आ रहे हैं. 'टोरेस' के नाम से मुंबई, ठाणे और आसपास के इलाकों में शाखाएं खोलकर कंपनी ने लगभग 700,000 ग्राहकों को धोखा दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चौथे आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है. टोरेस की इस कंपनी में सब्जी बेचने वाले प्रदीप कुमार वैश्य ने करीब 13 करोड़ रुपये का निवेश किया था. साथ ही वैश्य ने कहा है कि उनके कहने पर परिवार के सदस्यों और अन्य रिश्तेदारों ने भी इस कंपनी में पैसा लगाया था.

पांच सौ रुपये के लिए की भाई की हत्या

मुंबई.

पैसे चुराने के शक में एक भाई ने दूसरी भाई की हत्या कर दी. दोनों भाइयों के बीच पांच सौ रुपये को लेकर विवाद चल रहा था, जो देखते ही देखते ही खूनी रंजिश तक पहुंच गया. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही आरोपी भाई को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है.

कल्याण में पांच सौ रुपये के लिए भाई ने दूसरे भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी. इसके बाद आरोपी भाई मौके से फरार हो गया. कल्याण इलाके के एक घर में तीन भाई, आरोपी सलीम शमीम खान, मृतक नईम शमीम खान और एक अन्य भाई के साथ रहता था. बेटों के साथ मां भी घर में रहती थी. मर्डर वाली रात सलीम को शक हुआ कि उसके भाई नईम ने पांच रुपये चोरी कर लिए है.

दोनों के बीच पैसों को लेकर काफी देर तक तीखीं नोक-झोख होती रही. बढ़ते विवाद के साथ-साथ सलीम का गुस्सा भी बढ़ रहा था. बहस के बढ़ने के बाद सलीम ने अपने भाई नईम की किचन में रखी धारदार चाकू से हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया. घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई. परिवार ने तुरंत पुलिस की घटना की जानकारी दी. मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई.

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मौके से सभी सबूतों को इकट्ठा करके मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है.घटना के बाद आरोपी सलीम फरार हो गया. हालांकि, कल्याण बाजार पुलिस स्टेशन ने तुरंत जांच शुरू की और महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है. इस घटना से इलाके में आक्रोश है और छोटी सी वजह से इतनी बड़ी विपदा आने पर समाज में आक्रोश और दुख व्यक्त किया जा रहा है.

पुनर्निर्धारण की घोषणा से 'पीओपी' पर फिर विवाद

मुंबई. कई सालों से रुकी 'प्लास्टर ऑफ पेरिस' की मूर्तियों पर लगे प्रतिबंध को आखिरकार माघी गणेशोत्सव पर समय मिल गया. मुंबई नगर निगम ने माघी गणेशोत्सव के दौरान पीओपी मूर्तियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। माघी गणेशोत्सव मनाने वाले सार्वजनिक निकायों को पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियां स्थापित करने का वचन देना होगा। हालाँकि, सार्वजनिक हलकों, 'पीओपी' मूर्तिकारों ने नाराजगी व्यक्त की है क्योंकि यह घोषणा उत्सव की पूर्व संध्या पर की गई थी। साथ ही घरेलू गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले परिवारों के सामने भी बड़ी शर्मिंदगी खड़ी हो गई है.

महारेरा ने बंद पड़ी परियोजनाओं को नोटिस किया जारी

मुंबई.

महाराष्ट्र रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (महारेरा) को जारी किए गए नोटिसों की भारी संख्या पर उत्साहजनक और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है. जिन 10,773 लैप्स हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, उनमें से 5,324 ने वांछित प्रतिक्रिया के साथ जवाब दिया है. महारेरा के अधिकारी ने कहा, "हाउसिंग रेगुलेटर ने उन प्रोजेक्ट्स के डेवलपर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे, जो प्रोजेक्ट पूरा होने की समयसीमा पूरी होने के बावजूद महारेरा को अपने प्रोजेक्ट की स्थिति के बारे में अपडेट करने में विफल रहे थे. ऐसे डेवलपर्स को अपने प्रोजेक्ट की जानकारी अपडेट करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया था."

5,324 हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के बिल्डर्स ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया है, जो स्वागत योग्य है. इनमें से 3,517 प्रोजेक्ट्स ने अपने ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जमा कर दिए हैं और 524 ने प्रोजेक्ट की समयसीमा बढ़ाने के लिए आवेदन किया है. वर्तमान में, 1,283 प्रोजेक्ट्स के जवाब जांच के दायरे में हैं. महारेरा में 1,950 परियोजनाओं के पंजीकरण को स्थगित रखने के लिए पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी



गई है और उनके बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं. अधिकारी ने कहा कि इन परियोजनाओं में लेन-देन संबंधी प्रतिबंध लगाए गए हैं.

शेष 3,499 आवासीय परियोजनाओं के मामले में, उनके खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, क्योंकि उन्होंने जवाब नहीं दिया है.महारेरा में परियोजना को पंजीकृत करते समय, डेवलपर को परियोजना की प्रस्तावित पूर्णता तिथि का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा. यदि परियोजना प्रस्तावित पूर्णता तिथि के अनुसार तैयार हो जाती है, तो डेवलपर को अधिभोग प्रमाण पत्र के साथ फॉर्म 4 जमा करना होगा. यदि तैयार नहीं है, तो बिल्डर को समय सीमा के विस्तार के लिए आवेदन करना होगा. यदि परियोजना में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, तो डेवलपर को परियोजना के पंजीकरण को रद्द करने के लिए आवेदन करना होगा. इनके अलावा, प्रत्येक परियोजना के प्रमोटर को निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर महारेरा की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से क्यूपीआर और वार्षिक प्रगति रिपोर्ट जमा करना आवश्यक है.

परियोजनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

इन उपायों को आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ किया जाना आवश्यक है. महारेरा ने उन परियोजनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है जो अधिनियम में उल्लिखित समय सीमा के अनुसार उपरोक्त किसी भी कदम का पालन नहीं करती हैं. इसलिए, महारेरा ने दंडात्मक उपाय लगाने के अलावा, गलती करने वाली परियोजनाओं के पंजीकरण को रद्द या निलंबित करने का फैसला किया है और संयुक्त जिला रजिस्ट्रार को ऐसे प्रोजेक्ट में किसी भी फ्लैट की बिक्री या खरीद को पंजीकृत न करने का निर्देश दिया है.

आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है.

वृषभ- राशि के जातकों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है.

मिथुन- राशि के जातकों के लिए दिन किसी नए काम को करने के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने पिताजी से कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं.

कर्क- राशि के जातकों के लिए दिन सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा.

सिंह- राशि के जातकों के लिए दिन कठिनाइयों भरा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके बॉस यदि आपको कोई काम सौंपे.

कन्या- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे.

तुला- राशि के जातकों के लिए दिन सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है.

वृश्चिक- राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है. आप यदि नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं.

धनु- राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है .आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

मकर- राशि के जातकों को अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

कुंभ- राशि के जातकों के लिए दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको अपने कामों में स्वच्छता से आगे बढ़ने की आवश्यकता है.

मीन- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे.

विल्सन और सुधीर धावले को जमानत

मुंबई. बॉम्बे हाई कोर्ट ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार शोधकर्ता रोना विल्सन और कार्यकर्ता सुधीर धवले को जमानत दे दी. इस दौरान कोर्ट ने कहा कि वे साल 2018 से जेल में हैं और मुकदमे की सुनवाई अभी शुरू नहीं हुई है. जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस कमल खाता की बेंच ने कहा कि दोनों ने विचाराधीन कैदियों के रूप में जेल में 6 साल से ज्यादा का समय बिताया है. हाई कोर्ट ने कहा, ''वे 2018 से जेल में हैं. मामले में आरोप भी अभी तय नहीं हुए हैं. अभियोजन पक्ष ने 300 से ज्यादा गवाहों का हवाला दिया है और इस ऐसे में भविष्य में मुकदमा खत्म होने की कोई संभावना नहीं है.

कोर्ट विद्य. श्रीमती अपेक्षा रैच, नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी नागपूर (श.) यांचे कोर्ट, तहसिलदार, नागपूर शहर यांचे कार्यालय, सिव्हील लाईन, नागपूर पिनकोड- ४४०००१
ई-मेल आयडी: www.tahsildarngpcity@gmail.com दुरध्वनी क्र. ०७१२-२५६११७५
क्र.प्रस्तु-२/नाय.तह./तह.नाग.(श.)/प्र.क्र. १८०/कावि-२९/२०२५
दिनांक ०६/०१/२०२५
वाचा : १) जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, २) जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, ३) भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, ४) मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, दि. १५/१०/२०२४, ५) मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्र. अका/डी-१/ जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/ २०२४, ६) **अर्जदार सुखचंद हिराचंद वाघमारे**, वय ३५ वर्ष, धंदा मजुरी, राह. हाऊस नं. ५९०/४८, बौध्द विहार जवळ, सिरसपेठ, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १०/१२/२०२४.
जाहीरनामा
ज्याअर्थी अर्जदार **सुखचंद हिराचंद वाघमारे**, राह. हाऊस नं. ५९०/४८, बौध्द विहार जवळ, सिरसपेठ, नागपूर यांनी **मृत्यूची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.
सदर्हू अर्जदार यांनी **अर्जदार यांचे आजोबा दिवालू मुरारी वाघमारे, यांचा मृत्यू दिनांक २३/०८/१९८४** रोजी **घरी सिरसपेठ, नागपूर** येथे झाला असा अर्जदार यांचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्यू** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.
त्याअर्थी मी कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **मृत्यू** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यू** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **मृत्यू** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.
शिक्का (श्रीमती अपेक्षा रैच) कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर)
Prasanna Publicity 09326927622

जिल्हा व अतिरिक्त सत्र न्यायालय, अहेरी
श्री र.ना. बावणकर यांचे न्यायालयात
जिल्हा न्यायाधिश- १ व अतिरिक्त सत्र न्यायाधिश, अहेरी, गडचिरोली.
हजर राहण्याबाबत जाहीर समंस
(दि.प्र.सं.क्र. ५, नियम २०) नि.क्र. २१
जाहीर नोटीस
मोटार अपघात किरकोळ अर्ज/ ०१/ २०२४
रोहित रमेश बोलमपल्लीवार + १ वि.
दिपक महादेव निरागुलकर + १
पुढील तारीख : २०/०१/२०२५
प्रति,
गैरअर्जदार क्र. १ : दिपक महादेव निरागुलकर, रा. वार्ड नं. २, बोरी (नाईक) टेकेपार, तह. कुही, जिल्हा नागपूर.
हा दावा अर्ज रोहित रमेश बोलमपल्लीवार यांनी दाखल केलेले असून या न्यायालयामध्ये त्यांची नोंदणी करण्यात आली आहे आणि या दाव्याच्या सुनावणीसाठी या न्यायालयाने तारीख २०/०१/२०२५ हा दिवस निश्चित केलेला आहे, याची तुम्ही दखल घ्यावी.
तुमच्या वतीने तुम्ही स्वतः वकील किंवा या अपिलामध्ये तुमच्यासाठी काम करण्यासाठी कायद्याद्वारे प्राधिकृत केलेली अशी कोणी व्यक्ती हजर न राहिल्यास तुमच्या अनुपस्थितीत अपिलाची सुनावणी होऊन त्याचा निर्णय देण्यात येईल.
आज ०७/०१/२०२५ रोजी माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्यानिशी दिले.
शिक्का अधिक्षक (न्यायिक) जिल्हा न्यायाधिश- १ व अतिरिक्त सत्र न्यायाधिश, अहेरी.
Prasanna Publicity 09326927622

कोर्ट विद्य. श्रीमती अपेक्षा रैच, नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी नागपूर (श.) यांचे कोर्ट, तहसिलदार, नागपूर शहर यांचे कार्यालय, सिव्हील लाईन, नागपूर पिनकोड- ४४०००१
ई-मेल आयडी: www.tahsildarngpcity@gmail.com दुरध्वनी क्र. ०७१२-२५६११७५
क्र.प्रस्तु-३/नाय.तह./तह.नाग.(श.)/प्र.क्र. १७९/कावि-२३/२०२५
दिनांक ०६/०१/२०२५
वाचा : १) जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, २) जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, ३) भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, ४) मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/, दि. १५/१०/२०२४, ५) मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्र. अका/डी-१/ जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/ २०२४, ६) **अर्जदार श्रीमती कविता कवडूजी खांदारे व इतर**, वय ५६ वर्ष, राह. कुंभारपूरा शास्त्री गार्डन मागे, पाचपावली पहिला रेल्वे फाटक, पाचपावली, नागपूर यांचे अर्ज दिनांक १०/१२/२०२४.
जाहीरनामा
ज्याअर्थी अर्जदार **श्रीमती कविता कवडू खांदारे व इतर**, राह. कुंभारपूरा शास्त्री गार्डन मागे, पाचपावली पहिला रेल्वे फाटक, पाचपावली, नागपूर यांनी **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.
सदर्हू अर्जदार यांनी **मुलगा अनिकेत कवडूजी खांदारे** यांचा **जन्म दिनांक १४/०४/२००१** रोजी **घरी कुंभारपूरा पाचपावली, नागपूर** येथे झाला असा अर्जदार यांचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.
त्याअर्थी मी कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.
शिक्का (श्रीमती अपेक्षा रैच) कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर)
Prasanna Publicity 09326927622

कोर्ट विद्य. श्रीमती अपेक्षा रैच, नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी नागपूर (श.) यांचे कोर्ट, तहसिलदार, नागपूर शहर यांचे कार्यालय, सिव्हील लाईन, नागपूर पिनकोड- ४४०००१
ई-मेल आयडी: www.tahsildarngpcity@gmail.com दुरध्वनी क्र. ०७१२-२५६११७५
क्र.प्रस्तु-३/नाय.तह./तह.नाग.(श.)/प्र.क्र. १८२/कावि-३३/२०२५
दिनांक ०६/०१/२०२५
वाचा : १) जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, २) जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, ३) भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, ४) मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/, दि. १५/१०/२०२४, ५) मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्र. अका/डी-१/ जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/ २०२४, ६) **अर्जदार डॉली लक्ष्मण मडावी**, वय २१ वर्ष, धंदा- शिक्षण, राह. पोलीस लाईन टाकळी, काटोल रोड, नागपूर यांचे अर्ज दिनांक १६/१२/२०२४.
जाहीरनामा
ज्याअर्थी अर्जदार **डॉली लक्ष्मण मडावी**, राह. पोलीस लाईन टाकळी, काटोल रोड, नागपूर यांनी **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.
सदर्हू अर्जदार यांनी **स्वतःचा जन्म दिनांक ११/०१/२००३** रोजी लता मंगेश्कर हॉस्पीटल, सिताबर्डी, नागपूर येथे झाला असा अर्जदार यांचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.
त्याअर्थी मी कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.
शिक्का (श्रीमती अपेक्षा रैच) कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर)
Prasanna Publicity 09326927622

PUBLIC NOTICE
Pro. No. 8733 Dt. 21/12/24
IN THE COURT OF 2nd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 304
M.J.C. Case No. 1072/2024
Fixed For 14/01/2025
Applicant : 1) Smt Babita Wamanrao Meshram, R/o Dr Ambedkar M.S. W. College, New Kailash Nagar, Nagpur, 2) Mast. Arman Wamanrao Meshram, R/o Dr. Ambedkar M.S. W. College, New Kailash Nagar, Nagpur, 3) Smt Usha Raju Meshram, R/o Jindal Complex, Near Bus Stop, Umred, Dist. Nagpur. 4) Mast. Nayan Raju Meshram, R/o Jindal Complex, Near Bus Stop, Umred, Dist. Nagpur. 5) Ku Gunjan Raju Meshram, R/o Jindal Complex, Near Bus Stop, Umred, Dist. Nagpur. --Versus--
Non-Applicants: Nil
Name of Deceased: 1) Bhika Balu Meshram, Died On: 29/09/1995, 2) Chandraprabha Bhikaji Meshram, Died On: 19/04/2007, 3) Waman Bhikaji Meshram, Died On: 30/03/2016, 4) Raju Bhikaji Meshram, Died On: 10/11/2020, 5) Aman S/o Waman Meshram, Died On: 30/03/2016, All R/o Dr Ambedkar M.S. W. College, New Kailash Nagar, Nagpur.
Whereas 1) Bhika Balu Meshram, Died On: 29/09/1995, 2) Chandraprabha Bhikaji Meshram, Died On: 19/04/2007, 3) Waman Bhikaji Meshram, Died On: 30/03/2016, 4) Raju Bhikaji Meshram, Died On: 10/11/2020, 5) Aman S/o Waman Meshram, Died On: 30/03/2016, All R/o Dr Ambedkar M.S. W. College, New Kailash Nagar, Nagpur. and Whereas Smt Babita Wamanrao Meshram & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Smt Babita Wamanrao Meshram & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of 2nd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 14th Day of Jan., 2025 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forth with proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased. Given under my hand and the seal of the court, that 16th day of December, 2024.
Seal By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

ग्रामीण अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन की तत्काल आवश्यकता: 'आप'

भद्रावती.

भद्रावती तालुका एक तेजी से विकसित होने वाला तालुका है जहां एक बड़ी आबादी की सेवा के लिए ग्रामीण अस्पताल में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं आवश्यक हैं। हालांकि इस अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन नहीं होने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

सोनोग्राफी मशीन की आवश्यकता.

विशेषकर प्रसूति मामलों में गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए चंद्रपुर या निजी केंद्रों पर जाना पड़ता है। इससे न केवल समय, धन और मेहनत की बर्बादी होती है, बल्कि मरीजों को मानसिक और शारीरिक कष्ट भी होता है। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं वाले मरीजों को भी इसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। भद्रावती तालुका की बढ़ती जनसंख्या और स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए, ग्रामीण अस्पतालों में सोनोग्राफी मशीनों की तत्काल व्यवस्था करना बहुत आवश्यक है।

आम आदमी पार्टी की मांग.

आज इसी मांग को लेकर आम आदमी पार्टी भद्रावती के नेतृत्व में सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा गया। इस के माध्यम से अनुरोध किया गया



कि भद्रावती ग्रामीण अस्पताल में यथाशीघ्र सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध करायी जाये.

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अनिल कुमार, युवा अध्यक्ष रोहन गाजेवार, रितेश नागराडे, डोरा स्वामी, राजकुमार चाट, विनीत निमसीतकर, पिंटू भाद्रुजे, प्रदीप लोखंडे एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रशासन से त्वरित कार्रवाई अपेक्षित.

आम आदमी पार्टी ने पुरजोर मांग की है कि प्रशासन तत्काल सोनोग्राफी मशीनों की व्यवस्था करे ताकि भद्रावती ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को समय पर और किफायती दरों पर उचित चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें. यह फैसला स्थानीय नागरिकों के लिए बड़ी राहत होगी और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार आएगा.

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के निषेध में पत्रकारों ने निकाला मूक मोर्चा

गढ़चिरोली : छत्तीसगढ़ राज्य में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या के विरोध में आज पत्रकारों ने गढ़चिरौली के जिला कलेक्टर कार्यालय पर मौन जुलूस निकाला।

पत्रकारों ने जिला कलेक्टर अविशांत पांडा और पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पत्रकारों ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को कड़ी सजा देने तथा पत्रकार सुरक्षा समिति गठित करने की मांग की ताकि गढ़चिरौली

जिले में भी पत्रकार निर्भीक होकर पत्रकारिता कर सकें।

इस मौन जुलूस में वरिष्ठ पत्रकार मुनीश्वर बोरकर, कैलाश शर्मा, वेंकटेश दुडमवार, संजय तीपाले, गढ़चिरौली प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेश पद्मशाली,

पत्रकार मुकुंद जोशी, उदय धकाते, हेमंत डोर्लीकर, प्रल्हाद म्हशाखेत्री, प्रकाश ताकसांडे, प्रकाश दुबे, जगदीश कन्नाके, मारोती भाईसारे, विलास ढोरे ने भाग लिया. इस मौके पर सूरज हजारे, राजरतन मेश्राम, प्रो. दिलीप कहुरके, नासिर जुम्मन शेख, हेमंत दुनेदर, महेश सचदेव, दिनेश बनकर, कृष्णा वाघाडे, हस्ते भगत, नजीर शेख, भाविकदास कलमकर, मुकेश हजारे, संदीप कांबले, विनोद कुडवे, किशोर खेवले, सोमनाथ उइके, नीलेश सातपुते, संतोष सुरपम, शंकर ढोलगे, जयंत निमगड़े, हर्ष साखरा, कबीर निकुरे, प्रमोद राऊत, विजय शेडमाके, टावर मडावी, उमेश गजपल्लीवार, पुंडलिक भांडेकर, अनूप मेश्राम, श्रवण वाकोडे, कालिदास बुरांडे, धनराज वासेकर, विलास वालके, गोर्वधन गोटेफोटे, रवि मंडावर, राजेश खोबरागड़े, चोखोबा धावले, सतीश ढेभुरने, गेडाम, धम्मपाल दुधे, नाजुक भैसारे, रेखा वंजारी, विजया इंगले, तिलोत्तमा हाजरा सहित जिले भर से सैकड़ों पत्रकार शामिल हुए।

चंद्रपुर नगर निगम स्कूल खेल सत्र का शानदार उद्घाटन समारोह

विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिक्षक साहित्य प्रदर्शनी में 1700 विद्यार्थियों ने भाग लिया

चंद्रपुर.

चंद्रपुर नगरपालिका स्कूलों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है, इसलिए शहर से बड़ी संख्या में छात्र यहां पढ़ रहे हैं। इसके चलते विधायक सुधाकर अडबले ने इन स्कूलों के शिक्षकों से अपील की है कि वे मनपा स्कूल खेल सत्र और विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर उन्हें गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर केवल शिक्षण का कार्य करने दें.

चंद्रपुर नगर निगम द्वारा संचालित 27 स्कूलों के स्कूल खेल सत्र का उद्घाटन बुधवार 8 जनवरी को कोहिनूर खेल मैदान में किया गया। इस मौके पर आयुक्त विपिन पालीवाल ने नगर निगम स्कूलों में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित एवं कुशल तरीके से किये गये शो ड्रिल की सराहना की. खेल सत्र 3 दिनों तक चलेगा और इसमें 1700 छात्रों ने भाग लिया है, जिसमें खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, रिले दौड़, लंबी कूद, व्यक्तिगत कौशल आदि जैसे विभिन्न आउटडोर खेल खेले जाएंगे। नगर पालिका 3 दिनों तक छात्रों को भोजन और दोपहर के समय दूध उपलब्ध कराएगी।

महात्मा फुले प्राथमिक स्कूल, डॉ भीमराव अम्बेडकर स्कूल, लोकमान्य तिलक प्राथमिक स्कूल और सावित्रीबाई फुले हाईस्कूल द्वारा ड्रिल दिखाएं। वहीं माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं खेल गीत के साथ-साथ लेजिम, बैलून ड्रिल, समूह गीत प्रस्तुत किया। इस समय कार्यक्रम का परिचय मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वाति बेत्तावर, बबीता उइके ने किया, संचालन प्रवीण अत्राम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रशासन अधिकारी नागेश नीत ने किया।

इस मौके पर आयुक्त विपीन पालीवाल, सिटी इंजीनियर विजय बोरिकर, आयुक्त शुभांगी सूर्यवंशी, अक्षय गाडलिंग, संतोष गार्गेलवार, प्रशासन अधिकारी (शिक्षा) नागेश नित, स्वाति बेटावर, परीक्षक धनपाल फटिंग, विस्तार अधिकारी पंचायत समिति चंद्रपुर, सारिका कुचनकर, सुमित बर्ले, वामन कुमार, सैयद शहजाद, अरुण वल्के, मधुकर मडावी, शरद शेंडे, राहुल पचखंडे, अनिल गिरवणे, आनंद गेदाम, अमोल कोटनाके, प्रशांत अकनूरवार, शिवलाल इरपाटे, भूषण बर्ते, संदीप जवादवार, उमा कुकड़ापवार, संजना पिंपलशेंडे, परिणय वासेकर, विद्यालक्ष्मी कुंडले आदि उपस्थित थे.

अमृत योजना पाइपलाइन कार्य में भ्रष्टाचार

> अमृत योजना की जांच कराकर नागरिकों को संतुष्ट किया जाए.
> प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व नगरसेवक सुरेश पचारे के गंभीर आरोप.
> नागरिकों के साथ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी.

चंद्रपुर.

चंद्रपुरवासियों को शुद्ध एवं प्रचुर पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहर में अमृत योजना क्रियान्वित की जा रही है. लेकिन योजना की पाइप लाइन बिछाने में ठेकेदार की गलत प्लानिंग और गड़बड़ी के कारण शहरवासियों को काफी परेशानी हो रही है. पूर्व नगरसेवक सुरेश पचारे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में गलत तरीके से बिछाई जा रही पाइपलाइन के काम की जांच करने और काम रोकने की मांग की है. अन्यथा पचारे ने नागरिकों के साथ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है.

चंद्रपुर शहर के शास्त्रीनगर वार्ड क्रमांक 2 के तीर्थरूप नगर में अमृत योजना का पाइपलाइन कार्य प्रगति पर है. पाइप लाइन बिछाने के लिए पूरी सड़कों को करीब पांच से दस फीट गहरी खुदाई कर दी गई है। इसमें चार से पांच फीट के विशालकाय पाइप बिछाए गए हैं और खुदाई में ठेकेदार की लापरवाही के कारण नागरिकों के नल कनेक्शन पाइप और सीवरेज पाइप टूट गए हैं, तो पिछले कुछ दिनों से नागरिकों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि पाइप लाइन काफी गहराई तक दबी हुई है, इसलिए आगे के रखरखाव में बड़ी समस्या आएगी। अमृत योजना के कामकाज में तकनीकी गड़बड़ी हुई है. बार-बार सड़क खोदने से धूल से आम जनता परेशान हो रही है। अमृत योजना के कारण अच्छी स्थिति वाली डामर सड़कें टूट गईं। यहां तक कि अच्छी तरह से बनाए गए नालियां भी टूट गई हैं, जिससे नागरिकों के लिए वाहन चलाना मुश्किल हो गया है।

नगर निगम विकास कार्यों में लापरवाही बरतता रहा है।

लोगों को कई वर्षों से सड़क, नाली, नल आदि बुनियादी सुविधाएं नहीं दी गयी हैं. सुरेश पचारे का आरोप है कि अमृत योजना का ठेकेदार नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रहा है, जो सड़कें, नालियां और पाइपलाइन कभी बनी थीं, उन्हें फिरसे तोड़ा जा रहा है. पचारे ने अमृत योजना के काम में हुई अनियमितताओं व समस्याओं की जांच कर ठेकेदार को दोषी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई कर काम रुकवाकर प्रभावितों को राहत पहुंचाने का आग्रह मनपा प्रशासन से किया है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में चंदू पेटंती वार, विजय वेरपुलवार, दत्ता कसारलेवार, चंदू नागदेवते, शंकर पचारे, डोनडकर, प्रमोद टेपलवार उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के चंद्रपुर जिले के दौरे के मद्देनजर परिवहन व्यवस्था में बदलाव

> वरोरा नाका से प्रियदर्शिनी चौक तक सड़क सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद
> नागरिकों से वैकल्पिक मार्ग चुनने की अपील.

चंद्रपुर.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस 10 जनवरी, 2025 को चंद्रपुर जिले के दौरे पर हैं और यहां प्रियदर्शिनी सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है और कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं अन्य नागरिकों का वरोरा नाका से प्रियदर्शिनी चौक तक आना-जाना रहेगा, इसलिए इस मार्ग पर सभी प्रकार के यातायात को बंद किया जा रहा है, जिससे किसी प्रकार की परेशानी न हो इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से यातायात में प्रशासन बदलाव किए है.

मुंबई पुलिस अधिनियम 1951 की धारा-33(1) (बी) के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर सुचारू यातायात और व्यवस्था बनाए रखने के लिए योजना और विनियमन के उद्देश्य से, जिस मार्ग पर दौरा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, उस मार्ग पर यातायात सुचारू रूप से चलना चाहिए, किसी भी तरह से यातायात बाधित न हो और जनता को कोई परेशानी या परेशानी न हो, इस संबंध में व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है.

10 जनवरी 2025 को वरोरा नाका से प्रियदर्शनी चौक तक का रास्ता सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा. साथ ही उक्त सड़क को "नो पार्किंग जोन" एवं "नो हॉकर्स जोन" घोषित किया जा रहा है।

सभी ट्रांसपोर्टरों को वैकल्पिक मार्ग का पालन करना चाहिए.

इस अवधि के दौरान नागपुर से शहर जाने वाले वाहन वरोरा नाका-फ्लाईओवर-सिद्धार्थ होटल-बस स्टैंड-प्रियदर्शनी चौक या मित्र नगर चौक-संत केवलराम चौक के माध्यम से शहर में प्रवेश करेंगे। साथ ही इस अवधि में नागरिक जटपुरा गेट - प्रियदर्शनी चौक - बस स्टैंड चौक - सिद्धार्थ होटल - फ्लाईओवर - वरोरा नाका या संत केवलराम चौक - मित्र नगर चौक होते हुए निकलेंगे।

जिला पुलिस अधीक्षक मुमक्का सुदर्शन ने नागरिकों से उक्त अधिसूचना का अनुपालन कर प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है.

वाइल्डकॉन-2025 का शानदार समापन

> मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने का रास्ता चंद्रपुर से निकलेगा - वन मंत्री गणेश नाईक
> वाइल्डकॉन - 2025 में संरक्षित क्षेत्रों के बाहर जंगली जानवरों की आबादी को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा

चंद्रपुर. 'संरक्षित क्षेत्रों के बाहर स्थानिक वन्यजीव बहुतायत को नियंत्रित करने के लिए अभिनव और संवेदनशील उपाय' पर भारत का पहला सम्मेलन चंद्रपुर में आयोजित किया जा रहा है। यह बहुत ख़ुशी की बात है. इस संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों के कई विशेषज्ञों ने विचार-मंथन किया. राज्य के वन मंत्री गणेश नाइक ने विश्वास व्यक्त किया है कि, चंद्रपुर में विशेषज्ञों के निष्कर्षों से उठाए गए सकारात्मक उपायों से ही मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने का रास्ता निकलेगा।

वनमंत्री नाईक वन एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'वाइल्डकॉन-2025' के समापन पर बोल रहे थे। विधायक किशोर जोरग़ेवार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख शोमिता विश्वास, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) विवेक खांडेकर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रबंधन) एम.एस. राव, महाराष्ट्र वन विकास निगम के प्रबंध निदेशक संजीव गौड़, वन अकादमी निदेशक एम.एस. रेड्डी, मुख्य वन संरक्षक और चंद्रपुर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जीतेन्द्र रामगांवकर, शोभा फड़नवीस और अन्य उपस्थित थे।

वन मंत्री नाइक ने कहा कि, यह सच है कि जंगली जानवरों की आबादी बढ़ी है. इसके अलावा, हमारी मानव आबादी में भी भारी वृद्धि हुई है, लेकिन भूमि सीमित है। साथ ही वन क्षेत्र से विकास कार्य किये जा रहे हैं। इससे जानवरों का आवास क्षेत्र कम हो गया है. इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष में काफी वृद्धि हो रही है। मनुष्य और वन्य जीवन को भी जीवित रहना चाहिए। इसलिए वरिष्ठ वन अधिकारियों को यह अध्ययन करना चाहिए कि इस मुद्दे पर अन्य देशों ने क्या कदम उठाए हैं।

वन विभाग में प्रत्येक जोनल विभाग के लिए कितनी अतिरिक्त मैनपावर की आवश्यकता है, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। चंद्रपुर में टाइगर सफारी प्रोजेक्ट को तेज गति से आगे बढ़ाने का प्रयास जरूर किया जाएगा। साथ ही, अधिकारियों को योजना बनानी चाहिए कि क्या चंद्रपुर जिले के स्थानीय नागरिकों के लिए ताडोबा सफारी शुल्क कम किया जा सकता है। चंद्रपुर में दो दिवसीय सेमिनार में उठाई गई हर समस्या का समाधान किया जाएगा। वन मंत्री गणेश नाइक ने आश्वासन दिया कि धन की कोई कमी नहीं होगी. इस मौके पर उन्होंने बांस से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया.

वन्यजीव पर्यटन से स्थानीय लोगों को लाभ मिलना चाहिए- विधायक किशोर जोरग़ेवार

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सरकार के कार्यकाल की शुरुआत और नए साल की शुरुआत में ही इस संवेदनशील विषय पर पहला सम्मेलन चंद्रपुर में हो रहा है। वन्यजीवों की आबादी बढ़ी है, इसलिए शहरी जीवन में उनका आगमन हुआ है। मानव जीवन सबसे महत्वपूर्ण है, मानव जीवन बचाना होगा। वन्य जीवन के कारण चंद्रपुर में पर्यटन बढ़ा है। इसलिए स्थानीय लोगों को इसका अधिक लाभ मिलना चाहिए। क्योंकि वन्यजीव पर्यटन लोगों को खुश करने वाला व्यवसाय है। इससे रोजगार सृजन में मदद मिलेगी. साथ ही जोरग़ेवार ने मांग की कि स्थानीय लोगों के लिए सफारी शुल्क कम किया जाना चाहिए.

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शोमिता विश्वास ने कहा कि इन दो दिनों में महत्वपूर्ण चर्चा हुई है. विभाग को नई जनशक्ति की जरूरत है क्योंकि वन रक्षकों को स्थानीय स्तर पर मददगारों की जरूरत है। वहीं अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) विवेक खांडेकर ने कहा, मानव-वन्यजीव संघर्ष का प्रबंधन करना, संघर्ष को कम करना और दोनों को बचाना जरूरी है. इस संबंध में चंद्रपुर में इस सम्मेलन के माध्यम से पहला कदम उठाया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि 20 जिलों में त्वरित बचाव टीमों की आवश्यकता के लिए सरकार को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है.

परिचय में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जितेंद्र रामगांवकर ने कहा कि, संरक्षित क्षेत्रों के बाहर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में नए मुद्दे, नई जानकारी सामने आईं। इस पर एक रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी और वन्यजीवों की सुरक्षा कैसे की जाए, इस पर योजना बनाई जाएगी।

कार्यक्रम का संचालन श्रेया खांडिलकर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उप निदेशक (बफर) पीयूषा जगताप ने दिया। दो दिवसीय सम्मेलन में केंद्र सरकार के वन्यजीवों पर वैज्ञानिक सलाहकार, विभिन्न राज्यों में बाघ अभयारण्यों के निदेशक, राज्य के वन संरक्षक, पर्यावरणविद, वन्यजीवों पर काम करने वाले सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ वन अधिकारी आदि ने भाग लिया।

अड्याल टेकड़ी पर बेईमान लोगों का आतंक

चंद्रपुर.

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के आदेशानुसार तुकाराम दादा गीताचार्य ने ग्राम गीता के 39 वें अध्याय के अनुसार 2006 तक अड्याल टेकडी पर भू-वैकुंठ प्रयोग सफलतापूर्वक शुरू किया था। तुकाराम दादा के बाद, तथाकथित ब्रह्मचारी, तथाकथित पूर्ण रूप से समर्पित, सिद्धांतहीन लोग तुकाराम दादा और राष्ट्रीय संत की समाधि अड्याल टेकडी पर आने वाले भक्तों को लूटने के लिए अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। पाखंडियों ने अड्याल टेकडी को आजीविका का साधन बना लिया है। इस बीच, सेवक सारंग दाभेकर ने टेकड़ी में नवनिर्मित यात्री आवास में तोड़फोड़ करने और वहां से सामग्री चोरी करने का भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया है. इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है.

दाभेकर ने कहा कि राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज और तुकाराम दादा ने अखिल भारतीय श्री गुरुदेव सेवा मंडल गुरुकुंज आश्रम मोझरी रजिस्टर नंबर एफ 162 नाम से एक संगठन की स्थापना की। इस संगठन के एक हिस्से के रूप में तुकाराम दादा ने निस्वार्थ भाव से 2006 तक गुरुदेव सेवा मंडल के काम में खुद को समर्पित कर दिया और अड्याल टेकडी के गुरुदेव भक्तों को मौन ध्यान और आध्यात्मिकता का ज्ञान दिया। आत्मनिर्भरता और कर्म योग के साथ-साथ व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से मौन ध्यान का अध्ययन करने के बाद, श्रमदान की मदद से, आध्यात्मिक कर्मस्थली पंढरपुर में मोझरी में गुरुकुल और ग्राम गीता तत्वज्ञान अकीरा दर्शन मंदिर का निर्माण किया गया। दादा के शासनकाल के बाद अड्याल टेकडी में दो गुट उभर गये। उनका एक समूह

जो निस्वार्थ भाव से अड्याल टेकडी का कार्य में तन, मन और धन से योगदान दे रहा था। उन्होंने संगठन का आजीवन सदस्य बनकर अड्याल टेकडी पर अपना काम जारी रखा। लेकिन दाभेकर ने आरोप लगाया कि एक अन्य समूह, तथाकथित ब्रह्मचारियों और भक्तों ने व्यक्तिगत लाभ के लिए मुख्य संगठन के खिलाफ विद्रोह किया और मनमाने ढंग से अदालती मामले शुरू किए।

इसमें नागपुर उच्च न्यायालय ने दूसरे समूह की अपील को खारिज कर दिया और अखिल भारतीय श्री गुरुदेव सेवा मंडल गुरुकुंज आश्रम मोझरी संस्था के पक्ष में फैसला सुनाया। असफलता से नाराज दूसरे गुट ने अड्याल टेकडी पर मुख्य संस्था के निर्देशन में काम कर रहे गुट को परेशान करना और धमकाना शुरू कर दिया. कथित ब्रह्मचारियों और बेईमान लोगों पर अड्याल टेकडी के यात्रा निवासियों की सामग्री और सामग्रियों को चुराने, रात में गांव के गुंडों को लेकर हमला करने और बुजुर्गों की पिटाई करने, गांव के गुंडों द्वारा किए जा रहे नए निर्माणों में तोड़फोड़ करने जैसे कई आपराधिक अपराध करने का आरोप है। यह आरोप दाभेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाया है. इस संबंध में ब्रह्मपुरी पुलिस को शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने कहा कि वह संबंधित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करेगी.

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज और कर्मयोगी तुकाराम दादा की प्रमुख संस्था के खिलाफ दूसरा गुट भक्तों को गुमराह कर रहा है. सेवक दाभेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि दूसरे समूह ने गलत जानकारी वाले भड़काऊ पर्चे छपवाकर मुख्य संगठन के खिलाफ गलत सूचना फैलाना शुरू कर दिया है.

बिकिनी पहनकर स्वीमिंग पूल में उतरी सुमोना चक्रवर्ती

टीवी अदाकारा सुमोना चक्रवर्ती ने एक बार फिर से सोशल मीडिया की दुनिया को हिलाकर रख दिया है. हाल ही में उनको बिकिनी में कहर बरपाते हुए देखा गया है.खतरों के खिलाड़ी के 14 स्टार सुमोना चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटोरने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देती हैं. सुमोना चक्रवर्ती समय समय पर अपनी बिकिनी फोटोज शेयर करके फैंस को शॉक देती रहती हैं. नए साल के मौके पर भी सुमोना चक्रवर्ती ने इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है. नए साल के बाद सुमोना चक्रवर्ती ने पहली बार फैंस को अपना बिकिनी अवतार दिखाया है. शेयर किए गए वीडियो में सुमोना चक्रवर्ती ऑरेंज कलर की खूबसूरत बिकिनी पहने दिख रही हैं. पहले तो सुमोना चक्रवर्ती सर्दी के मौसम में पानी को निहारती नजर आईं. जिसके बाद सुमोना चक्रवर्ती ने बिना देर किए पानी में छलांग लगा दी.पानी में गिरते ही सुमोना चक्रवर्ती की हालत खराब हो गई. अब सुमोना चक्रवर्ती का ये अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. फैंस सुमोना चक्रवर्ती को पानी से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं. वहीं कुछ लोग सुमोना चक्रवर्ती के बिकिनी लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं. इस वीडियो को शेयर करते हुए सुमोना चक्रवर्ती ने लिखा, कुछ इस तरह से मैंने साल 2025 में जंप किया है.ये वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर तो कैसे कमेंट्स की बाढ़ ही आ गई है. लोग लगातार सुमोना चक्रवर्ती की वीडियो के बारे में बात कर रहे हैं. वैसे ऐसा पहली बार नहीं है जब सुमोना चक्रवर्ती ने अपनी बिकिनी लुक के जरिए फैंस को चौंकाया है. जब जब सुमोना चक्रवर्ती वेकेशन पर जाती हैं अपना बोल्ड लुक जरूर दिखाती हैं. कोरोना काल में तो सुमोना चक्रवर्ती ने कई बार इंटरनेट पर हुस्न की बिजलियां गिराई हैं. उस समय लोगों को नहीं पता था कि कपिल शर्मा की ऑन स्क्रीन वाइफ इतनी हॉट है.



ईशा देओल के होंठों ने फिर खींचा ध्यान

बॉलीवुड स्टार ईशा देओल हाल ही में अपनी कथित लिप सर्जरी को लेकर सुर्खियों में हैं। अदाकारा ईशा देओल तलाक के बाद अपनी निजी जिंदगी में व्यस्त हैं। मगर हाल ही में ईशा देओल की लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियोज ने लोगों को चौंका दिया। जिसके बाद अदाकारा के बदले लुक को लेकर खूब बातें बनीं। अदाकारा ईशा देओल सामने आईं लेटेस्ट वीडियोज और फोटोज में अपने फूले हुए होठों को लेकर बुरी तरह ट्रोल हो गईं। जिसके बाद उनकी लिप सर्जरी को लेकर कयास लगने लगे हैं। अब हाल ही में अदाकारा ईशा देओल फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली की अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' के प्रीमियर में पहुंची थीं। जहां एक बार फिर उनके बदले लुक ने लोगों का ध्यान खींचा। सामने आईं तस्वीरों में अदाकारा एक बार फिर ब्रॉड लिप्स को लेकर ट्रोल्स के हत्थे चढ़ गईं।अदाकारा ईशा देओल के फूले हुए होठों के लुक को देखने के बाद एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'सर्जरीज करवाकर अच्छे खासे फेस को क्यों बिगाड़ लेते हो तुम सेलिब्रेटिज।'

जल्द पिता बनने वाले हैं फरहान अख्तर?

फरहान अख्तर न केवल एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं, बल्कि एक प्रतिभाशाली निर्देशक भी हैं, जिन्होंने बॉलीवुड की कुछ क्लासिक फिल्में बनाई हैं। अभिनेता अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। फरहान और शिबानी बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक हैं। अब हाल ही में, खबर आ रही है कि फरहान अख्तर और अभिनेत्री शिबानी दांडेकर जल्द पेरेंट्स बनने जा रहे हैं। हालांकि, इस कपल या उनके परिवार की ओर से आधिकारिक पुष्टि का अभी भी इंतजार है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि फरहान और शिबानी अपने पहले बच्चे का स्वागत करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस खबर ने प्रशंसकों को और भी खुश कर दिया है। प्रशंसक सोशल मीडिया पर जल्द ही माता-पिता बनने वाले फरहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाईयां दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शिबानी गर्भवती हैं और इस साल के अंत में उनके घर नन्हे मेहमान का स्वागत करेंगी। फरहान अख्तर और शिबानी अख्तर ने फरवरी 2022 में शादी की थी। उनकी शादी काफी निजी थी और इसमें केवल करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल हुए। यह खंडाला में हुई थी। फरहान अख्तर ने 8 जनवरी को अपना 51वां जन्मदिन परिवार और दोस्तों के साथ मनाया। शिबानी अख्तर भी कुछ और सेलिब्रिटी दोस्तों के साथ वहां मौजूद दिखीं। बता दें कि साल 2022 में शिबानी अख्तर की प्रेग्नेंसी की अफवाहों ने सुर्खियां बटोरीं, लेकिन उन्होंने बहुत ही स्मार्ट तरीके से अफवाहों को खारिज कर दिया। शिबानी ने अपनी एक मिरर सेल्फी पोस्ट की और साफ तौर पर कहा कि वह प्रेग्नेंट नहीं हैं। हालांकि, अब की प्रेग्नेंसी की खबरों पर उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इस क्रिकेटर के साथ जुड़ा राशा का नाम

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपनी आगामी फिल्म 'आजाद' के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी फिल्म के सिनेमाघरों में आने से पहले ही, अभिनेत्री अपने रिलेशनशिप की अफवाहों को लेकर चर्चा में आ गई हैं। ऐसी खबरें हैं कि राशा इन दिनों एक भारतीय क्रिकेटर को डेट कर रही हैं। उनकी डेटिंग की अफवाहें तब से शुरू हुईं जब टीम इंडिया के इस क्रिकेटर ने उन्हें सोशल मीडिया पर फॉलो किया और उनकी तस्वीरें लाइक की। aअभिनेत्री राशा थडानी के साथ जिस क्रिकेटर का नाम जुड़ रहा है, वह हैं स्पिनर गौतम यादव हैं। खबरें यह भी हैं कि दोनों गुपचुप डेटिंग कर रहे हैं। ये सारी अफवाहें तब शुरू हुईं जब गौतम ने इंस्टाग्राम पर राशा को फॉलो किया और उनके पोस्ट और तस्वीरों को लगातार लाइक किया। इस सोशल मीडिया एक्टिविटी ने नेटीजंस को हैरान कर दिया है और कयासों का बाजार गर्म होने लगा।

हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इन खबरों की पुष्टि या खंडन नहीं किया है, जिससे ये अफवाहें प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन गई हैं। फिल्म रिलीज से पहले, राशा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री को पढ़ाई और अभिनय दोनों करते हुए देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने बताया था कि आने वाले दस दिनों में उनके बोर्ड एग्जाम शुरू होने वाले हैं।वीडियो में जब राशा से पूछा गया कि क्या वह अपनी लाइनें लिखने के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "पढ़ाई कर रही हूं। 10 दिन से भी कम समय में मेरी बोर्ड परीक्षा है। मेरा पहला पेपर ज्योग्राफी का है।" बता दें कि आजाद में राशा थडानी के अलावा अमान देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।बता दें कि इससे पहले राशा ने आजाद के ट्रेलर लॉन्च के समय अपना अनुभव साझा करते हुए कहा था, 'मैं तो शूटिंग के वक्त काफी घबराई हुई थी, आज भी घबरा रही हूं। लेकिन अजय सर से लेकर बाकी टीम मेंबर्स ने मेरी पूरी मदद की।' फिल्म 'आजाद' में राशा के किरदार और अमन देवगन के किरदार के बीच एक प्यारी लव स्टोरी भी दिखाई गई है।

सोफिया अंसारी ने अपनी अदाओं से ढाया कहर



सोफिया अंसारी सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटोज को लेकर हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं. वह आए दिन अपनी फोटोज शेयर कर अपने तमाम चाहने वाले फैंस का ध्यान खींचने में कामयाब रहती हैं. उनकी जबरस्त फैन फॉलोइंग के चलते फोटोज आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है. साल 2024 में सोफिया अंसारी ने तमाम फोटोज शेयर की हैं, उनमें से कुछ फोटोज पर आपकी नजर टिक जाएंगी. यहां पर सोफिया अंसारी की वो फोटोज हैं जो सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेड करती रही हैं.सोफिया अंसारी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. वह कभी बिकिनी तो कभी मोनोकिनी में अपने फोटोशूट करवाती हैं.उनकी बोल्ड फोटोज आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं.

प्रीतिश नंदी का 73 साल की उम्र में निधन

बॉलीवुड से एक दुख भरी खबर सामने आ रही है. दरअसल मशहूर फिल्ममेकर प्रीतीश नंदी का 73 साल की उम्र में निधन हो गया है. इस बात की पुष्टि खुद एक्टर अनुपम खेर ने की है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से प्रीतीश के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर करते हुए अपना दुख जाहिर किया है. एक्टर अनुपमा खेर ने लिखा है, 'अपने सबसे प्रिय और करीबी दोस्त के निधन की खबर से मुझे गहराई से झटका लगा है. अद्भुत कवि, लेखक, फिल्म निर्माता, एक बहादुर और अद्वितीय संपादक और पत्रकार. मुंबई में मेरे शुरुआती दिनों में वह मेरा सपोर्ट सिस्टम और ताकत का सबसे बड़ा स्रोत थे. हम दोनों में ऐसी कई चीजें थीं, जो कॉमन थीं. वह एक बहुत ही निडर इंसान थे, जो जिंदगी से भी बड़े थे.'अनुपम खेर ने आगे लिखा,'उनसे मैंने कई सारी चीजें सीखी हैं. पिछले कुछ समय से हम दोनों की अधिक मुलाकात नहीं हो पा रही थी. लेकिन एक समय ऐसा था, जब हमें अलग करना काफी मुश्किल था. मैं यह बिल्कुल नहीं भूल सकता, जब उन्होंने मुझे फिल्मफेयर के कवर पर जगह देकर सरप्राइज किया था और सबसे जरूरी द इलिस्ट्रेटिड वीकली में. वह यारों के यार थे. मैं आपको और एक-साथ बिताए उन पलों को जरूर मिस करूंगा मेरे दोस्त.' अनुपम खेर के इस पोस्ट पर लोग खूब रिएक्ट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.बता दें कि फिल्ममेकर प्रीतीश नंदी के निधन पर एक्ट्रेस नीना गुप्ता और अनिल कपूर ने भी शोक जाहिर किया है. अनिल कपूर ने लिखा, 'मेरे प्रिय मित्र प्रीतीश नंदी के निधन से स्तब्ध और दुखी हूं.

आशिकी-3 से तृप्ति डिमरी को दिखाया गया बाहर का रास्ता

तृप्ति डिमरी ने कम समय में ही एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना ली है. उन्होंने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन अदाकारी के दम पर दर्शकों के साथ प्यारा सा रिश्ता जोड़ लिया है, और उनके फैंस उन पर दिल खोलकर प्यार लुटाते है. हाल ही तृप्ति कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं थी. जिसमें उनके किरदार को लोगों ने खूब पसंद किया था.

इस बीच खबर सामने आई थी, कि एक्ट्रेस एक बार फिर कार्तिक के साथ 'आशिकी 3' में रोमांस करती दिखेंगी, लेकिन ताजा खबरों के मुताबिक तृप्ति इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गईं हैं, और इसका कारण रणबीर कपूर के साथ उनकी फिल्म एनिमल को बताया जा रहा है, फिल्म में जो रोल उन्होंने निभाया था, उसी की वजह से फिल्म मेकर्स ने ये फैसला लिया है. बता दें, लगभग डेढ़ साल पहले ही मेकर्स ने कार्तिक आर्यन को लेकर 'आशिकी 3' का एलान कर दिया था, जिसके बाद फिल्म में तृप्ति डिमरी के होने की न्यूज भी सामने आई थी, लेकिन अब उन्हें इस फिल्म से बाहर कर दिया गया है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'आशिकी 3' के मेकर्स ने तृप्ति डिमरी को मुख्य भूमिका के लिए कास्ट किया था, लेकिन उन्होंने ये फैसला इसलिए बदला, क्योंकि फिल्म की फीमेल लीड रोल के हिसाब से

एक्ट्रेस फिट नहीं बैठ रही थीं, क्योंकि आशिकी सीरीज की पहचान फिल्म की लीड एक्ट्रेस की मासूमियत और प्योरिटी है, जो तृप्ति डिमरी से मेल नहीं खा रही थी, दरअसल, रिपोर्ट्स की माने तो, तृप्ति ने अपनी हाल की फिल्मों में बोल्ड किरदार निभाए हैं, और मेकर्स का यह मानना है कि उनकी यह छवि 'आशिकी 3' की रोमांटिक थीम से मैच नहीं करेगी.तृप्ति डिमरी ने अपनी परफॉरमेंस से दर्शकों को खूब इम्प्रेस किया है, ऑडियंस ने कला में उनके रोम को, तो एनिमल में उनके एक्सटेंडेड कैमियो को खूब पसंद किया है. तृप्ति को एक्टिंग के मामले में शानदार आदाकारा की लिस्ट में शामिल किया जाता है. उनकी आने वाली फिल्म एनिमल पार्क है, जिसमें एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी.

ठग सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन से मांगी माफी

ठग सुकेश चंद्रशेखर ने नए साल की शुरुआत में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को एक लेटर लिखा है। उसने जैकलीन से माफी मांगी है और अपकमिंग फिल्म फतेह के लिए उन्हें बधाई भी दी है। सुकेश ने लिखा- मैं इस फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता हूं। बेबी गर्ल, एक बार फिर से तुम्हारे साथ हुई हर बात के लिए माफी चाहता हूं। इस रिश्ते में, 2025, एक नई शुरुआत होगी। मैं वादा करता हूं कि तुम मुझ पर और हमारे प्यार पर गर्व महसूस करोगी।

सुकेश ने लेटर में लिखा- 2025, 9 का साल, यह हमारा साल है। वह साल जिसमें मैं तुम्हारे लिए अपना प्यार साबित करने जा रहा हूं। इस दुनिया के सामने हमारे प्यार का सबसे बड़ा सरप्राइज पेश करने जा रहा हूं, जो सोचती है कि मैं जुनूनी हूं और हमारा प्यार डरावना है।सुकेश ने कहा- इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं आपका दीवाना हूं। जैसा कि आप हमेशा कहती हैं। हम पुराने जमाने के लोग हैं। अगर आप वाकई अपने साथी के लिए प्यार शब्द का मतलब समझते हैं.

गुस्साए मनोज मुंतशिर ने दी लीगल एक्शन की धमकी

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर फिल्म 'स्काई फोर्स' अभी रिलीज भी नहीं हुई है, और उससे पहले ही फिल्म पर विवादों के बादल छा रहे हैं. गीतकार और स्क्रीन राइटर मनोज मुंतशिर ने फिल्म मेकर्सों पर गाने में क्रेडिट नहीं देने को लेकर नाराजगी जताई है, उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर फिल्म के निर्माता, जियो स्टूडियो, दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स और सारेगामा ग्लोबल को कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी तक दे डाली है.

दरअसल,स्टूडियो ने 7 जनवरी को 'एक्स' पर फिल्म के एक सॉन्ग का एक टीजर शेयर किया था. जिसे बी-प्राक ने गाया है, और तनिष्क बागची ने उसमें म्यूजिक दिया है. अब इसमें उन दोनों को क्रेडिट तो दिया है, लेकिन मनोज मुंतशिर का इसमें कोई जिक्र नहीं किया है. हालांकि इस पोस्ट के कैप्शन में उन्हें टैग जरूर किया है, और इसी वजह से ये पूरा बखेड़ा खड़ा हो गया. जिससे नाराज मनोज मुंतशिर ने गुस्से में पोस्ट कर कानूनी कार्रवाई करने की

धमकी दे डाली.मनोज मुंतशिर ने अपने पोस्ट में लिखा, 'प्लीज इस बात पर ध्यान दीजिए, जियो स्टूडियो, मैडॉक फिल्म, सारेगामा ग्लोबल, कि इस गाने को न सिर्फ गाया गया है और कम्पोज किया गया है, बल्कि इसे किसी ऐसे व्यक्ति ने लिखा है, जिसने इसके लिए अपना सारा खून-पसीना बहा दिया है, शुरुआती क्रेडिक से राइटर का नाम हटाना मेकर्स की तरफ से आर्टिस्ट को बेइज्जत करने जैसा है. उन्होंने चेतावनी देते हुए लिखा यदि इस गलती को फौरन नहीं सुधारा गया, जिसमें कल रिलीज होने वाला मेन सॉन्ग भी शामिल है, तो मैं इस गाने को रिजेक्ट कर दूंगा, और ये फैसला लूंगा, कि मेरी आवाज देश के कानून के सामने सुनी जाए. बहुत ही शर्मनाक है ये, और ये पोस्ट उन्होंने मेकर्स और प्रोडक्शन हाउसेस को टैग करते हुए लिखी है.'

विजय हजारे ट्रॉफी में इस खिलाड़ी लगातार 6 चौके

वदोदरा.

भारतीय घरेलू क्रिकेट में अभी 50 ओवर फॉर्मेट की विजय हजारे ट्रॉफी खेली जा रही है, जिसमें कई प्लेयर्स की नजरें अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया में अपनी जगह को बनाना है। इसी में वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में राजस्थान और तमिलनाडु के बीच खेले जा रहे प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 29 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने अपने बल्ले का कमाल दिखाते हुए एक ही ओवर में लगातार 6 चौके लगाए तो वहीं उनकी टीम ने इस ओवर में कुल 29 रन बनाए। इस मुकाबले में राजस्थान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.3 ओवर्स में 267 रनों का स्कोर बनाया था, जिसका पीछा करने तमिलनाडु की टीम उतरी थी।

राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 268 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी तमिलनाडु टीम की तरफ से पारी की शुरुआत करने तुषार रहेजा और नारायण जगदीशन उतरे जिसमें दोनों ने मिलकर पहले ओवर में कुल 10 रन बनाए। इसके बाद राजस्थान की तरफ से पारी का दूसरा ओवर करने आए अमन सिंह शेखावत के खिलाफ जगदीशन का बल्ले से रौद्र रूप देखने को मिला। इस ओवर की पहली गेंद को अमन ने वाइड फेंक दिया जो सीधे बाउंड्री के लिए चली गई। इसके बाद जगदीशन में ओवर की पहली लीगल गेंद पर कट शॉट खेला जो थर्ड मैन की दिशा में चौके के लिए गई। दूसरी गेंद पर जगदीशन ने पॉइंट के ऊपर से चार रन बनाए, तीसरी गेंद पर फिर थर्ड मैन पर चौका आया, जबकि चौथी गेंद पर पॉइंट की दिशा में खेलते हुए चार रन बनाए। पांचवीं गेंद पर पुल जबकि ओवर की आखिरी गेंद पर जगदीशन ने फ्लिक करने के साथ उसे चार रनों के लिए भेज दिया।

जगदीशन ने खेली 65 रनों की पारी

नारायण जगदीशन इस मुकाबले में 65 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए जिसके लिए उन्होंने कुल 52 गेंदों का सामना किया और 10 चौके लगाए। नारायण ने अपनी इस पारी में 125 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। विजय हजारे ट्रॉफी के इस सीजन में जगदीशन अब तक 6 पारियों में 60.60 के औसत से कुल 303 रन बना चुके हैं, जिसमें वह एक शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी खेलने में कामयाब हुए हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कितने तैयार हैं पाक के स्टेडियम?

नई दिल्ली.

हालांकि पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन कई साल पहले ही मिल गया था पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2024 में ही ये तय किया कि देश के तीन शहरों लाहौर, कराची और रावलपिंडी में मैच खेलेंगे और सितंबर 2024 में ही बोर्ड ने 1280 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया यहां के स्टेडियम को विश्व स्तर के स्टेडियम में बदलने के लिए जरूरी बदलाव और सुधारों के लिए।मौजूदा स्थिति ये है कि चैंपियंस ट्रॉफी के मैच लाहौर, कराची और रावलपिंडी के साथ दुबई में भी होंगे।

एयरपोर्ट पर फैन दौड़ा पैर छूने

नई दिल्ली.

भारत में क्रिकेट ऐसा खेल है, जिसे दिल से खेला जाता है। भारत के लिए खेलने और जीतने वाले अपने चाहने वालों के बीच भगवान की तरह पूजे जाते हैं। फैंस का स्टेडियम के अंदर तमाम सुरक्षा बंदिशों को तोड़ते हुए पिच पर अपने हीरो से मिलते देखना आम है।

क्रिकेटर्स भी जानते हैं यह बात यही वजह है कि वे अपने चाहने वालों की काफी इज्जत करते हैं। कुछ ऐसा ही देखने को मिला भारतीय टीम के धाकड़ सिक्सर किंग युवराज सिंह के साथ नई दिल्ली एयरपोर्ट पर।

दरअसल, युवराज सिंह इंदिरा गांधी दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकल रहे थे। इस बीच उनके चाहने वाले भी वहां मौजूद थे। नए साल की बधाइयां भी दीं, जिसपर युवराज सिंह ने मुस्कुराते हुए वापस बधाई देते हुए जवाब दिया। वह हालचाल पूछते हैं और बाहर की ओर बढ़ते हैं।इस दौरान उनका एक चाहने वाला उनका पैर छूने के लिए झुका तो वह थोड़ा पीछे हट गए। उन्होंने हंसते हुए कहा- अभी इतनी भी उमर (उम्र) नहीं हुई है। इसके बाद वह अपने चाहने वालों के साथ बड़े ही प्यार से सेल्फी खिंचवाते हैं। वायरल वीडियो के कमेंट बॉक्स में युवी की हर कोई तारीफ करते नजर आ रहा है।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

दुबई. भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 908 अंक के साथ शीर्ष पर है। बुधवार को आईसीसी की जारी ताजा रैंकिंग में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 32 विकेट लेने वाले बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले 907 अंक से किसी भी भारतीय गेंदबाज की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग रेटिंग का रिकॉर्ड बनाने वाले बुमराह ने एससीजी में पहली पारी में दो विकेट लेने के बाद अपनी रेटिंग में एक अंक का सुधार किया। गेंदबाजों की रैंकिंग

में स्पिनर रवींद्र जडेजा 745 रेटिंग अंक, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 29 पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर आ गए हैं। पैट कमिंस दूसरे, कैगिसो रबाडा तीसरे, हेजलवुड दो पायदान नीचे लुढककर चौथे पर पहुंच गये है।

ऋषभ पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग के साथ नौवें नंबर पर पहुंच गए है। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा पहली पारी में अहम शतक से तीन पायदान की छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए, उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 769 रेटिंग भी हासिल की। वहीं, काइल वेरेने शानदार शतक से चार पायदान के फायदे से 25वें स्थान पर पहुंच गए।भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ताजा टेस्ट रैंकिंग में तीन अंक के नुकसान के साथ 614 रेटिंग अंकों के साथ 27वें स्थान पर है। रोहित शर्मा का हाल ताजा टेस्ट रैंकिंग में दो अंकों की गिरावट के साथ 554 प्वाइंट्स के साथ 42वें नंबर पर आ गए हैं।

केकेएम : मैराथन और युवा दौड़ 12 को

नागपुर.

खासदार क्रीड़ा महोत्सव (केकेएम) के सातवें संस्करण के तहत 12 जनवरी को मैराथन और युवा दौड़ का आयोजन किया जाएगा. रविवार सुबह पांच बजे यशवंत स्टेडियम से मैराथन की शुरुआत होगी जबकि सुबह 6.30 बजे युवा दौड़ का आगाज होगा. इसके अलावा विदर्भ स्तरीय खो-खो और एथलेटिक्स प्रतियोगिता भी 12 जनवरी से शुरु होगी. मैराथन में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जनवरी है. केकेएम के आयोजक संदीप जोशी ने प्रतियोगियों से इस तिथि से पहले अपना नाम दर्ज कराने की अपील की है. मैराथन में पुरुष, महिला और अंडर-16 आयुवर्ग के लड़के एवं लड़कियां भाग लेंगी जबकि तीन किलोमीटर की युवा दौड़ सभी के लिए होगी. दोनों प्रतियोगिताओं के लिए 50-50 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है. युवा दौड़ में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतियोगी को पदक, प्रमाण पत्र और टी-शर्ट दी जाएगी. अधिक जानकारी के लिए सचिन देशमुख, पारेंद्र पटले और शिवानी दानी से संपर्क किया जा सकता है. विदर्भ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 21 जनवरी तक मानकापुर इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा

चोटिल कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय

नई दिल्ली.ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पर संशय है। उनके टखने में चोट है, जिसके लिए उन्हें स्कैन करवाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बैली ने पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है। बैली ने बताया, पैट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, जिसके लिए अभी ब्रेक पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले सप्ताह उनका स्कैन होगा, जिसके बाद हमें उनकी चोट की स्थिति का पता चलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में हाल ही में भारत के खिलाफ 3-1 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से जीती थी। कमिंस बिजिटि में टीम के टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 2023 में अपनी टीम को

वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया था।

इंग्लैंड से ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 22 फरवरी को होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप-2 में रखा गया है।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे कमिंस श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस यह सीरीज मिस करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा डब्ल्यूटीसी फाइनल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है, लेकिन साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में खेले गए फाइनल मैच में भारत को 209 रनों से हराया था।

सूर्यकुमार अपनी पत्नी के साथ पहुंचे शिरडी

नई दिल्ली.

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव अपनी पत्नी देविशा के साथ इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से पहले साईं बाबा का आशीर्वाद लेने शिरडी पहुंचे। सूर्या ने साईं बाबा की समाधि पर चादर और फूलमाला चढ़ाई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूर्या को पीले कुर्ते में और देविशा को हरे और सुनहरे रंग के सलवार सूट में देखा जा सकता है। 22 जनवरी से भारत और इंग्लैंड के टी20 सीरीज की शुरुआत हो रही है।

सूर्यकुमार यादव का साईं बाबा में गहरी आस्था है। वे अक्सर बाबा का आशीर्वाद लेने जाते हैं। इंग्लैंड सीरीज के साथ ही सूर्यकुमार यादव की नजरें चैंपियंस ट्रॉफी पर भी है। अगले महीने पाकिस्तान की मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत होगी। इसके लिए भी भारतीय टीम का चयन होना है। 2023 वर्ल्ड कप के बाद से सूर्या वनडे टीम से बाहर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह बनाने पर भी उनकी नजरें होंगी।

रोहित शर्मा के संन्यास के बाद सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया है।

इस खिलाड़ी ने अचानक लिया संन्यास

नई दिल्ली.

न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वह विश्व कप में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। गप्टिल ने 2015 के वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 237 रन की पारी खेली थी। उन्होंने कीवी टीम के लिए 14 साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना योगदान दिया है।

उन्होंने अपने स्पीच में कहा है कि एक युवा के तौर पर न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा से मेरा सपना रहा। मैं अपने देश के लिए 367 मैच

खेलकर खुद को भाग्यशाली समझने के साथ-साथ गर्व महसूस करता हूं। मैं अपने सभी टीम-साथियों और कोचिंग स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं। विशेष तौर पर मार्क ओ'डोनेल को, जिन्होंने अंडर-19 स्तर में मुझे ट्रेनिंग दी थी।

मार्टिन गप्टिल इस समय न्यूजीलैंड की स्थानीय टी20 लीग सुपर स्मैश में ऑकलैंड की तरफ से खेल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संन्यास लेने के दौरान उन्होंने कहा कि वह विश्व भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलते रहेंगे। वह पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड का भी हिस्सा हैं। उन्हें ड्राफ्ट के जरिए इस्लामाबाद की टीम ने रिटेन किया है। 38 वर्षीय मार्टिन गप्टिल व्हाइट बॉल क्रिकेट में कीवी टीम के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। 38 वर्षीय बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार अक्टूबर 2022 में खेला था। 198 वनडे में उन्होंने 41.73 की औसत और 87.29 की स्ट्राइक से 7346 रन बनाए हैं। वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड की ओर से रॉस टेलर (8607) और स्टीफन फ्लेमिंग (8007) ने उनसे अधिक रन बनाए हैं।

शेफील्ड शील्ड में चला बल्ला

नई दिल्ली.

ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका दौरे के लिए टीम का ऐलान तो कर दिया है, मगर 16 सदस्यीय टीम में उस खिलाड़ी को जगह नहीं दी, जिसने रनों का अंबार लगाया है. जिसने अपना नाम दुनिया के टॉप 5 खिलाड़ियों के साथ लिखाया है.जो स्पिन खेलने के सबसे माहिर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों में एक माना जाता है. हम बात कर रहे हैं पीटर हैंड्सकॉम्ब की,जो साल 2024 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे,बावजूद इसके श्रीलंका दौरे पर कमबैक करने में नाकाम रहे.

श्रीलंका में स्पिन का जाल सबसे बड़ा सवाल बन सकता है.ऐसे में माना यही जा रहा था कि स्पिन के उस जाल को काटने के लिए ऑस्ट्रेलिया पीटर हैंड्सकॉम्ब पर भरोसा कर सकती है. इस भरोसे को तब और हवा लगी थी जब सिडनी टेस्ट के दौरान पीटर हैंड्सकॉम्ब को सब्सिट्यूट फील्डर के तौर पर टीम से जोड़ा गया था. मगर ये भरोसा टीम के ऐलान के साथ ही टूट गया.फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पीटर हैंड्सकॉम्ब का हालिया फॉर्म लाजवाब रहा है. साल 2024 में वो फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के टॉप-5 बल्लेबाजों में शामिल रहे. उन्होंने 2024 में 20 मैच की 33 पारियों में 1572 रन, 5 शतक और 54.20 की औसत के साथ बनाए.

श्रीलंका से टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

मुंबई.

दाएं हाथ के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का अंतरिम कप्तान नियुक्त किया गया है क्योंकि टीम ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ 29 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है। स्मिथ टीम का नेतृत्व करेंगे। पैट कमिंस की अनुपस्थिति, जो पितृत्व अवकाश पर हैं और हाल ही में घरेलू गर्मी के दौरान टखने की हल्की समस्या से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंडर19 क्रिकेट विश्व कप कप्तान कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया गया है, जबकि उनके साथी युवा खिलाड़ी नाथन मैकस्वीनी को हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में मेलबर्न और सिडनी टेस्ट से चूकने के बावजूद वापस बुला लिया गया है।

स्पिनर मैट कुह्नमैन और टॉड मर्फी भी पर्यटकों के लिए वापसी कर रहे हैं, हालांकि टीम को पिंडली की चोट के कारण जोश हेज़लवुड और मिशेल मार्श

की कमी खलेगी, यह जोड़ी आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित कर रही है। ग्लेन मैक्सवेल, एडम ज़म्पा और पीटर हैंड्सकॉम्ब, जिन्हें दौरे के लिए संभावित यात्रियों के रूप में प्रस्तुत किया गया था, का चयन नहीं किया गया। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली का कहना है कि श्रीलंका में खेलने की अनोखी चुनौतियाँ नए चेहरों को अपने देश के लिए रेड-बॉल एक्शन में चमकने का मौका देती हैं।जॉर्ज बेली ने कहा, "श्रीलंका दौरा करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक जगह है, क्योंकि खिलाड़ियों को अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह टीम प्रत्येक मैच में किस प्रकार के विकेटों का सामना कर सकती है, इसके आधार पर एकादश की संरचना करने के कई तरीके प्रदान करती है।" आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट।"

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, "हम टीम के उन सदस्यों के लिए आने वाले अवसर को लेकर उत्साहित हैं, जो अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अपने खेल को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे, जहां हमें आने वाले वर्षों में कई महत्वपूर्ण दौरे करने हैं। जबकि दो मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-2025 चक्र का हिस्सा हैं, अंतिम स्थान पहले ही ले लिए गए हैं, ऑस्ट्रेलिया (संभावित अंकों का 63.73%) और दक्षिण अफ्रीका (संभावित अंकों का 69.44%) शीर्ष दो स्थानों से स्थानांतरित होने में असमर्थ हैं। . विश्व टेस्ट चैंपियनशिप गदा की रक्षा के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी, जिसमें प्रोटियाज ने 2024 के अंत में पाकिस्तान पर जीत की बदौलत अपना स्थान बंद कर लिया है।

संजू सैमसन खेलेंगे चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 ?

नई दिल्ली.चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए जल्द भारतीय टीम का ऐलान होने वाला है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई में खेला जाएगा। भारत अपने सभी मुक़ाबला दुबई में खेलेगा। आईसीसी ने टीम चयन की डेडलाइन 12 जनवरी रखी है। वहीं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टीम प्रबंधन और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ 11 जनवरी को मीटिंग करेगा। इस मीटिंग में भारतीय स्क्वाड चुना जा सकता है।

इस टीम में भारतीय विकेट कीपर बल्लेबाज संजू सैमसन चुने जाएंगे या नहीं इसको लेकर चर्चा ज़ोरों पर है। सैमसन के साथ कई बार अन्याय हुआ है और शानदार प्रदर्शन के बावजूद उन्हें बड़े टूर्नामेंट से नाराज़अंदाज़ कर दिया जाता है। लेकिन इस बार 15 सदस्यीय टीम में उनकी जगह बनती दिख रही है। सैमसन सिर्फ एक विकेट कीपर ही नहीं स्पेशलिस्ट बल्लेबाजी भी हैं और वे टीम में बल्लेबाज के तौर पर भी खेल सकते हैं।कई रिपोर्ट्स के मुताबिक विकेट कीपर के लिए चयनकर्ताओं की पहली पसंद केएल और ऋषभ पंत हैं।

त्सेवांग चुसकित के दागे 5 गोल

लेह:

त्सेवांग चुसकित के अद्भुत पांच गोलों ने चांगला लामोस को हमस क्वीन्स पर 6-0 से जीत दिलाई। इसके साथ ही टीम ने आइस हॉकी लीग सीजन 2 के महिला श्रेणी के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पुरुषों के श्रेणी मेंपुरीग वारियर्स ने अपनी शानदार दौड़ जारी रखते हुए जांस्कर चादर टैमर्स को 4-2 से हराकर इस सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। युनाइटेड नुबरा और शिकतन रॉयल्स के बीच एक रोमांचक 2-2 का ड्रॉ रहा। दिन का अंत एक और रोमांचक ड्रॉ के साथ हुआ, जब गत विजेता कांग सिंग्स और हमस वारियर्स 2-2 से बराबरी पर रहे।आइस हॉकी लीग सीजन 2 के 5वें दिन की शुरुआत युनाइटेड नुबरा और शिकतन रॉयल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबले से हुई, जहां दोनों टीमें इस सीजन में अपनी पहली जीत की तलाश में थीं। पहले पीरियड में दोनों टीमों ने बहुत सतर्कता से खेला, जिसके परिणामस्वरूप 20 मिनट का पहला पीरियड गोलरहित रहा। दूसरे पीरियड में नुबरा ने शुरुआत में जोरदार दबाव डाला और तमीम राशिद ने 22वें मिनट में एक शानदार रिस्ट शॉट से टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। शिकतन रॉयल्स ने जल्द ही जवाब दिया, अलताफ हुसैन ने 25वें मिनट में गोल

कर बराबरी हासिल की और कप्तान शब्बीर शाह के 34वें मिनट में किए गए गोल से रॉयल्स ने 2-1 की बढ़त बनाई। अंतिम पीरियड में युनाइटेड नुबरा ने जोरदार वापसी की, मुरतजा अली ने 43वें मिनट में शानदार स्नैप शॉट से स्कोर बराबर किया। हालांकि, दोनों टीमों के लिए अंतिम समय में बेतहाशा कोशिशों और सख्त डिफेंस के बाद भी स्कोर वैसा का वैसा रहा। रेफरी ने दोनों टीमों को फाउल खेलने के लिए पेनल्टी दी, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक हो गया। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के 5वें दिन का दूसरा मैच एक रोमांचक मुकाबला था, जिसमें पुरीग वारियर्स ने जांस्कर चादर टैमर्स को 4-2 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में ही पुरीग वारियर्स ने जोरदार शुरुआत की, कंचुक थापा ने सिर्फ 6 मिनट में एक शानदार रिस्ट शॉट से गोल किया। चार मिनट बाद, नदीम सरवर ने 2-0 की बढ़त दिलाई। थापा ने पहले पीरियड के अंतिम क्षणों में एक और गोल कर अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे पीरियड में जांस्कर चादर टैमर्स ने जोरदार वापसी की, स्टांजिन लाक्पा के 32वें मिनट में किए गए गोल से उन्होंने स्कोर को 3-1 किया। हालांकि, वे इस अंतर को कम नहीं कर पाए। अंतिम पीरियड में ज्यादा आक्रामक खेल देखने को मिला, जहां नवाज अली ने 44वें मिनट में एक और गोल कर पुरीग वारियर्स को 4-1 की बढ़त दिलाई। टैमर्स ने तुरंत जवाब दिया, स्टांजिन वांगबो ने अगले ही मिनट में गोल कर स्कोर को 4-2 किया। टैमर्स की कड़ी मेहनत के बावजूद, पुरीग वारियर्स ने 4-2 से जीत दर्ज की।

किसानों के बीच घमासान

> पथराव-लाठीचार्ज से मची भगदड़, खेतों में लगाई आग

नागौर.

नागौर जिले के जायल इलाके के हरिमा और सरासनी गांव में सीमेंट कंपनी के विरोध में धरना दे रहे किसान और पुलिस के बीच झड़प हो गई. उसके बाद वहां पुलिस और पब्लिक में जोरदार जंग हो गई. आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया. इससे भड़की पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए उन पर लाठियां भांजी. इससे वहां भगदड़ के हालात हो गए. इस बीच कुछ लोगों ने एक खेत में आग लगा दी. घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात करना पड़ा. अब वहां पर हालात काबू में है.

जानकारी के मुताबिक जेएसडब्लू सीमेंट कंपनी की ओर से वहां जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई के विरोध में किसान 134 दिन से धरना दे रहे थे. इस बीच बुधवार को जेएसडब्लू सीमेंट कंपनी की ओर से हरिमा, सरासनी आदि गांवों में जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही थी. इससे धरने पर बैठे ग्रामीणों का विरोध बढ़ गया. आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस

पर पथराव कर दिया. इससे पुलिस भी गुस्सा गई. पुलिस ने भी लोगों को खदेड़ने के लिए जमकर लाठियां चलाई. घटना के बाद वहां काफी देर तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही. इस मामले को लेकर कई दिनों से धरने पर बैठे ग्रामीणों ने अधिकारियों को कंपनी के खिलाफ कई बार ज्ञापन भी दिए थे लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ. उसका नतीजा यह हुआ कि बुधवार को ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया और वे भड़क उठे. उन्होंने पुलिस पर पत्थरों की बौछार कर दी. बहरहाल पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे मामले पर नजरें बनाए हुए हैं.

भारत में खुलेंगी100 फूड टेस्टिंग लैब

नई दिल्ली.

इंडस फूड 2025 के उद्घाटन पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि स्वाद सीमाओं का मोहताज नहीं होता. भारतीय व्यंजनों में सीमाओं को पार करने की शक्ति है. हम अपने कृषि और खाद्य निर्यात को दुनिया भर में पहुंचाने की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि प्रोसेस्ड फूड हमारा भविष्य है. इनकी बढ़ती मांग ही विकास की अपार संभावनाएं प्रदान करती हैं. इसलिए अपने खाने के विविध स्वाद को विश्व के कोने-कोने में ले जाएं और भारत के अद्वितीय व्यंजनों को दुनिया का एम्बेस्डर बनाएं. चिराग पासवान ने कहा कि भारत को प्रोसेस्ड फूड के निर्यात का अग्रणी देश बनाएं और विकसित भारत की दिशा में योगदान दें. उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता, इसलिए हम निर्यात को बढ़ावा देते हुए 100 नई फूड टेस्टिंग लैब खोलेंगे. उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ साल में इंडस फूड भारत की सबसे बेहतरीन और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापार प्रदर्शननियों में से एक के रूप में उभरा है, जो एफएंडबी क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार प्रदान करता है.

47 साल बाद फिर खुल रही फाइल

> संभल प्रशासन करेगा मामले की जांच

लखनऊ.

उत्तर प्रदेश के संभल में 47 साल पहले हुए दंगों की जांच एक बार फिर से शुरू हो गई है. इस मामले की जांच संभल जिला प्रशासन और पुलिस इस मामले की जांच करेगी और एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट जमा करेंगे. इस संबंध में एसपी केके बिश्नोई ने संभल के डॉ राजेंद्र पैंसिया को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि यूपी विधान परिषद सदस्य श्रीचंद्र शर्मा ने 1978 में संभल में हुए दंगों की जांच की मांग की है. इस संबंध में विधान परिषद के सदस्य श्रींचद शर्मा ने यूपी के उप सचिव गृह और पुलिस अधीक्षक (मानवाधिकार) को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी. इस आधार पर

संभल के मामले की जांच करवाने के आदेश दिये गए हैं.

इससे पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से मामले की जांच करके एक हफ्ते में अपनी जांच रिपोर्ट जमा कर सकेंगे. 1978 के दंगों में मौत का आधिकारिक आंकड़ा 24 था, लेकिन स्थानीय लोगों का दावा है कि यह आंकड़ा बेहद कम है.

संभल में 29 मार्च 1978 में हुए दंगे एक दो दिन नहीं बल्कि कई दिनों तक चले थे.

एक करोड़ किसानों को मिली डिजिटल पहचान

नई दिल्ली.

कृषि में डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए देश के 10 राज्यों के एक करोड़ किसानों को अब तक डिजिटल आईडी दी गई है। ये डिजिटल आईडी किसानों को किसान के तौर पर पहचान देती हैं। केंद्र सरकार वर्तमान में देशभर के किसानों का डिजिटल डेटाबेस विकसित करने में जुटी हुई है। किसानों को डिजिटल आईडी मुहैया करना केंद्र के डिजिटल कृषि मिशन का एक हिस्सा है।

यह डिजिटल आईडी आधार

कार्ड की तरह किसानों के पहचान पत्र के रूप में काम करती है। इस आईडी में किसानों की भूमि का लेखा-जोखा, खेत में उगाई गई फसलों और अन्य जानकारियों का विवरण होता है।

इस तरह सरकार के लिए किसानों को आर्थिक लाभ देना, लोन स्वीकृत करना, फसल बीमा और फसल की उपज का अनुमान लगाना आसान होगा। केंद्र की एग्रीस्टैक योजना के तहत, आने वाले कुछ सालों में 11 करोड़ किसानों को आधार की तर्ज पर काम करने वाली डिजिटल आईडी दी जाएगी। वित्त वर्ष 2026 3 करोड़ और 2027 में 2 करोड़ किसानों को डिजिटल आईडी प्रदान करने का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया हुआ है।

किसान सम्मान निधि में होगा आईडी का उपयोग

कृषि मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि , "किसान इस आईडी का उपयोग करके लोन और फसल बीमा को मंजूरी देने की प्रक्रिया तेज होगी, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किस्तों का ट्रांसफर में इस आईडी का इस्तेमाल किया जाएगा है। कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र के डिजिटल कृषि मिशन में एग्रीस्टैक शामिल है। एग्रीस्टैक स्थानीय डेटा, सूखा और बाढ़ की निगरानी, मौसम और उपग्रह डेटा और भूजल उपलब्धता की जानकारी किसानों को देगा, जिससे किसान कृषि से जुड़े बेहतर निर्णय ले सकेंगे।

टीएमसी पार्षद की हत्या में दो और गिरफ्तार

कोलकाता. पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा से तृमणूल कांग्रेस (टीएमसी) के पार्षद दुलाल सरकार की हत्या के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ताजा गिरफ्तारियों के साथ अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मालदा इंग्लिश बाजार से टीएमसी पार्षद की दो जनवरी को मालदा जिले में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। दुलाल सरकार को मुख्यमंत्री बनर्जी ने अपना करीबी सहयोगी और लोकप्रिय नेता बताया था। पुलिस के मुताबिक, सरकार को इंग्लिश बाजार कस्बे के झालझलिया मोड़ पर नजदीक से कई बार सिर में गोली मारी गई थी। घटना के समय सरकार बाइक सवार हमलावरों से बचकर भागने की कोशिश कर रहा था।

कर्नाटक लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

बेंगलुरु. लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को परिवहन विभाग के एक संयुक्त आयुक्त सहित आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापे मारे, जिन पर आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। जिन स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, वे अधिकारियों से जुड़े हुए हैं जिनमें बेंगलुरू की संयुक्त परिवहन आयुक्त शोभा, कदुर के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. एस एन उमेश और बसवकल्याण स्थित लघु सिंचाई विभाग के निरीक्षक रवींद्र शामिल हैं।

बुजुर्गों की देखरेख के लिए चीन तैनात करेगा रोबोट

नई दिल्ली.

आपने फिल्मों में आम लोगों की तरह दिखने वाले रोबोट को घर के कार्यों में हाथ बंटाते देखा होगा। चीन इसे हकीकत में बदलने के लिए कदम उठा रहा है। उसने मानव की तरह दिखने वाले रोबोट विकसित करने की योजना बनाई है। ये रोबोट बुजुर्गों को सहायता प्रदान करने के साथ ही स्वास्थ्य की निगरानी करेंगे। इसके अलावा प्रियजनों के समान व्यवहार का अनुभव कराने के लिए भी प्रोग्राम्ड होंगे। दरअसल, तेजी से बूढ़ी हो रही आबादी से चीन चिंतित है। 2023 के अंत तक चीन में 65 वर्ष और उससे अधिक आयु

के 216.76 मिलियन लोग थे, जो कुल जनसंख्या का 15.4 प्रतिशत है। स्टेट काउंसिल ने मंगलवार को जारी निर्देश में कहा है कि अधिकारियों का इरादा देश भर में बुजुर्गों की देखभाल में सहायता के लिए ऐसे रोबोटों के अनुसंधान और विकास के साथ-साथ कंप्यूटर इंटरफेस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने का इरादा रखते हैं।

नया अध्याय लिख रहा प्रशांत किशोर का अनशन

नई दिल्ली.

बीते 13 दिसंबर से बिहार में बीपीएससी छात्र आंदोलन कर रहे हैं। छात्रों का आंदोलन इस कदर रुख लिया कि बिहार की जन सुराज पार्टी के मुखिया प्रशांत किशोर छात्रों के न्याय के लिए आमरण अनशन पर बैठ गए। इतना ही नहीं बिहार के पूर्णिया सासंद पप्पू यादव ने तो बिहार बंद करने का ही ऐलान कर दिया। ऐसे में कई जगहों पर बिहार बंदी का असर भी दिखा।

लेकिन बीपीएससी प्रोटेस्ट को लेकर प्रशांत किशोर चर्चा का विषय बने हुए हैं। पॉलिटिकल एक्सपर्ट का कहना है कि प्रशांत किशोर अपनी राजनीति

चमकाने के लिए बीपीएससी प्रोटेस्ट को मोहरा बना रहे हैं। ऐसे में आज के इस एक्सप्लेनर में बीपीएससी प्रोटेस्ट को लेकर इन्हीं सारे चल रहे अटकलों को समझने की कोशिश करेंगे, तो इसके लिए पढ़ते जाइए इस एक्सप्लेनर को अंत तक। इससे पहले भी कई बड़े छात्र आंदोलन हुए हैं, जिन्होंने सत्ता की जड़ें हिला कर रख दी थीं। बड़े छात्र आंदोलनों में से एक है जेपी आंदोलन, जिससे तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी तक को इस्तीफा देना पड़ गया था।

कैशलेस इलाज के लिए योजना बनाए केंद्र

नई दिल्ली.

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत सड़क हादसे के पीड़ितों को एक घंटे के भीतर यानी गोल्डन ऑवर में कैशलेस इलाज उपलब्ध कराने के लिए 14 मार्च तक योजना बनाए।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने आदेश में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162 (2) का हवाला दिया। कहा, इसकी उपधारा 2(12-ए) के तहत गोल्डन ऑवर किसी हादसे में लगी चोट के बाद पहले एक घंटे का समय है, जिसमें वक्त पर उपचार मिलने से मौत टालने की सबसे अधिक उम्मीद होती है।

पीठ ने कहा, जैसा परिभाषा से साफ है कि दर्दनाक चोट के बाद का एक घंटा सबसे अहम होता है। कई मामलों में, यदि समय रहते जरूरी इलाज नहीं दिया जाता, तो घायल व्यक्ति जान गंवा सकता है।

पीठ ने कहा, धारा 162 मौजूदा परिदृश्य में महत्वपूर्ण है, जब वाहन हादसों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार को नियम बनाने का

निर्देश दिया जाता है। यह प्रक्रिया हर हाल में इसी 14 मार्च तक पूरी हो जानी चाहिए। इसके लिए अतिरिक्त वक्त नहीं दिया जाएगा।

पीठ ने योजना की एक प्रति 21 मार्च तक रिकॉर्ड में रखने का निर्देश दिया। साथ ही, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारी का हलफनामा भी पेश करने को कहा, जिसमें इसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया बतानी होगी।

24 घंटे में 2 कोचिंग छात्रों ने की आत्महत्या

जयपुर.

कोटा शहर के दो थाना इलाकों में 24 घंटे में दो कोचिंग छात्र ने खुदकुशी कर ली। विज्ञान नगर थाना क्षेत्र में बुधवार रात अंबेडकर नगर में पीजी के रूप में रह रहे कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली। सीआइ मुकेश मीणा ने बताया कि रात 9 बजे सूचना मिली कि अंबेडकर नगर में जेईई की तैयारी कर रहे पीजी स्टूडेंट गुना मध्यप्रदेश निवासी अभिषेक लोधा ने कमरे में आत्महत्या कर ली। शव मोर्चरी में रखवाकर

परिजनों को सूचना दी है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया।

Wपरिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। सीआइ ने बताया कि जिस पीजी कमरे में छात्र रह रहा था, उसमें हैंगिंग डिवाइस नहीं था। ऐसे में इसके मालिक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दवाओं का क्लिनिकल ट्रायल गरीब देशों में किया जाता है

> सुप्रीम कोर्ट याचिका पर करेगा सुनवाई

नई दिल्ली.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दवाओं और टीकों का क्लिनिकल ट्रायल अक्सर गरीब देशों में किया जाता है। इस मुद्दे पर केंद्र की ओर से बनाए गए नियमों के खिलाफ अपनी आपत्तियां दर्ज कराने एवं दलीलें पेश करने के लिए बुधवार एक याचिकाकर्ता को अनुमति दे दी। जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे की दलीलों पर विचार किया, जिन्होंने कहा कि नई दवाओं और क्लिनिकल ट्रायल के लिए नियम 2019 में बनाए गए थे।

गरीब नागरिकों को अब भी गिनी पिग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहादवे ने कहा कि नियमों का पालन करते हुए भारत में क्लिनिकल ट्रायल और नई दवाओं के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए 2024 में नई औषधि और क्लिनिकल ट्रायल (संशोधन) नियम

अधिसूचित किए गए थे, जिनका मकसद मरीजों से जुड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार लाना और वैश्विक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना था।